Sir, I now come to NREGA. In our Union Budget discussion two days ago, I had also taken part and spoke. An amount of Rs.39,000 crores has been allocated for NREGA and almost Rs,l1,000 crores to Rs.12,000 crores more are lying in various States. That means, effectively, it is a Budget of Rs.50,000 crores for NREGA. We have got 500-odd districts and each district can get Rs.100 crores. In Jharkhand, people are migrating. Most of them are labourers, small and marginal farmers, etc. If these people can be given Rs.100 crores per district per year, it means, minimum Rs.60 crores will go by way of wages to the people. And, if the people can get Rs.60 crores as wages, I think, quite quickly, they will come above poverty line. Sir, the only thing is, we will have to monitor and see that this money is used properly. Yesterday regarding wages, the Finance Minister announced that इसको 100 रुपए per day करेंगे। उन्होंने announce किया है। इससे झारखंड के मजदूरों को दूसरी जगह नहीं जाना पड़ेगा। उन्हें अपने घर के पास ही 100 रुपए मिल जाएंगे। इसी तरह जो 115 डिस्ट्रिक्ट्स उन्होंने अपने बजट में एनाउंस किए हैं coverging 115 districts with NREGA - उसमें झारखंड के 6 जिले लिए हैं। मेरा निवेदन है कि झारखंड में 24 जिले हैं, इसलिए इन 6 जिलों के बजाए उन 24 जिलों को इन 115 डिस्ट्रिक्ट्स में कन्वर्जेंस के लिए ऐड करना चाहिए।

सर, मैं खुश हूं कि झारखंड के लिए पिछले साल करीब-करीब दो लाख मकान इंदिरा आवास योजना के अंतर्गत दिए गए हैं। इनकी वजह से लोगों को अच्छे मकानों में रहने की सुविधा मिल रही है, जो बहुत अच्छी बात है ...(**व्यवधान**)... देखिए सर, जब मैं हिन्दी में बोलती हूं, तब यह कमेंट करते हैं, मैं क्या करूं ...(**व्यवधान**)... इन्होंने ही मुझे हिन्दी में बोलने के लिए कहा था।

सर, झारखंड में बहुत गरीब लोग रहते हैं। पहले ही मैंने आपको बताया है कि जहां करीब-करीब 70% जनता गरीबी रेखा से नीचे रहती है। इनको financial inclusion की जरूरत है और खासकर Kisan Credit Card की जरूरत है। इस संबंध में Bank of India के सीएमडी से मिल करके मैंने कुछ कोशिश भी की थी। यहां पर पूर्व फाइनांस मिनिस्टर भी बैठे हैं। मेरा निवेदन यह है कि सब किसानों को Kisan Credit Card मिलना चाहिए, क्योंकि पैसे के लिए उनको moneylender के पास जाना पड़ता है और वह moneylender उनको fleece करता है, जिसकी वजह से वे एक financial mess में आ जाते हैं। इस स्थिति में सुधार हो सकता है, इसके लिए हमें moneylender को खत्म करके सब किसानों को बैंक से कनेक्ट करना होगा। इससे खास तौर से छोटे और आदिवासी किसानों को बहुत फायदा मिलेगा। दूसरी बात यह है कि झारखंड में FCI के 32 purchasing centres हैं। झारखंड का अपना कोई Food Corporation नहीं है, जहां वे अनाज खरीद सकें। मेरा निवेदन है कि इसके लिए झारखंड सरकार अपनी ही कुछ व्यवस्था करे एवं जब फसल होती है, उसी समय जनता से खरीद ले अथवा FCI से निवेदन करके वहां और ज्यादा सैंटर्स खोले जाएं ताकि किसान FCI को अपनी फसल बेच सकें। अभी वहां पर होता क्या है कि किसान चार महीने मेहनत करता है और उसी दिन कोई ट्रेडर आ करके उससे वह ले जाता है, जिससे उसको

300-400 रुपए प्रति क्विंटल ही मिल पाता है। ट्रेडर जा करके उस अनाज को FCI को बेच देता है और एक ही दिन में वह एक क्विंटल पर 500 रुपए कमा लेता है। इससे किसान का पूरी तरह exploitation होता है, जो पूरी तरह बंद किया जाना चाहिए, तभी हमारी जनता पूरी तरह खुश रह सकेगी।

सर, जहां पर बैंक की ब्रांचिज़ नहीं हैं, फाइनांस मिनिस्टर ने वहां बैंक खोलने के लिए 100 करोड़ रुपए एनाउंस किए हैं। इसकी वजह से NREGA में बैंक एकाउंट खोल करके जनता को पेमेंट देना हमारे लिए बहुत ईज़ी होगा। इसी तरह वर्तमान वित्त मंत्री ने educational development of tribal children and Fifth Scheduled areas or Naxal affected areas के लिए 500 करोड़ रुपया दिया हुआ है। इसी तरह उन्होंने 100 करोड़ रुपया developing critical infrastructure in Left Wing extremist affected Areas Specially Naxal affected areas के लिए दिया है। इस तरह करीब-करीब 600 करोड़ specially Naxal affected areas के लिए दिया गया है। इसमें छत्तीसगढ़ भी आएगा, उड़ीसा भी आएगा, वेस्ट बंगाल भी आएगा, मगर झारखंड के लिए प्रोजेक्ट्स बना करके उन्हें इस योजना का फायदा पहुंचाना चाहिए ताकि हमारी जनता को पैसा मिले।

सर, एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट के पास बहुत सारा पैसा है, लेकिन झारखंड में क्या हो रहा है कि वे लोग उसका फायदा नहीं उठा पा रहे हैं। हम अपनी जनता को और हमारे किसानों को फायदा नहीं दिला पा रहे हैं ...(**समय की घंटी**)... । झारखंड के अफसरों और अधिकारियों से मेरा निवेदन है कि वे यहां आ करके प्रोजेक्ट्स बनाएं और इससे उनको जो पैसा यहां से मिल सकता है, उस पैसे को वहां ले जा करके और उस योजना को वहां पर चालू करके जनता को अच्छा जीवन बिताने में मदद करें। अब आपने घंटी मार ही दी है, लेकिन मैं यह कहना चाहती हूं कि जिस तरह आपने सेल्फ हेल्प ग्रुप बनाए हैं, हम लोग वैसा एक सेल्फ हेल्प ग्रुप युवकों का भी बना लें। आजकल हो क्या रहा है कि सब युवक लोग गांवों को छोड़ करके सिटी में जा रहे हैं। उनको एग्रीकल्चर में कोई इंटरेस्ट नहीं है। इसलिए agriculture viable बना करके उसमें युवकों का इंटरस्ट पैदा करवाएं। उनको अपने ही गांव में रखने के लिए हमें उन लोगों को युवा किसान कार्ड देना पड़ेगा। इसके साथ ही उनको बैंक से लिंकेज देना पड़ेगा, जिससे उनको सुविधा से ऋण मिल सके। इस तरह उनकी फार्मिंग को ऑर्गनाइज़ करके उन्हें वहीं पर बहुत अच्छी आमदनी हो सकती है। हमें यह करना ही पड़ेगा, तभी युवा किसान गांव में ही रहेगा और गांव की उन्नति हो सकेगी और तभी देश में अधिक अनाज पैदा हो सकेगा। सर, आपने मुझे हां कर के कहा - ...(**समय की घंटी**)... ठीक है, मैं अब बहुत ज्यादा कुछ नहीं बोलूंगी। मुझे अब एक ही बात कहनी है। झारखंड में गरीब 70 प्रतिशत हैं। इनके लिए हम लोग यहां पर बैठे हैं। इस साइड के और उस साइड के हम सब लोग उसके लिए जिम्मेदार हैं। हम सब लोगों को कमर कस कर के यह डिसाइड करना चाहिए कि हम लोग झारखंड में करप्शन होने नहीं देंगे, जो योजनाएं हैं, उनका इम्प्लिमेंटेशन हम बहुत बढ़िया तरीके से करेंगे, हम लोग Government of India से पैसे लेकर जाएंगे और वहां पर हम लोग physical infrastructure को improve करेंगे। हम लोग वहां human resource को भी improve करेंगे, क्योंकि अगर आप human resource indicators देखेंगे तो पाएंगे कि हिन्दुस्तान में सबसे खराब indicators झारखंड का है। हम लोग इन सारी चीज़ों को improve कर के झारखंड की जनता को अच्छी quality of life देने की कोशिश करेंगे। सर, यही हमारा निवेदन है। धन्यवाद।

**श्री राजनीति प्रसाद** : सर, इनकी language अंग्रेजी बहुत बढ़िया है, लेकिन उन्होंने जो हिन्दी में बोला है, उसके लिए मैं इनको धन्यवाद देता हूं। इन्होंने बहुत बढ़िया बोला है।

**उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे. कुरियन)**: ठीक है। आपका टाइम भी है। यह आप उस समय बोलिएगा। Now, Shri Prasanta Chatterjee. ...*(Interruptions)*... No, please. No time. ...*(Interruptions)*... Paniji, please. ...*(Interruptions)*... What is this Mabeliloji? No time. ...*(Interruptions)*... We have no time. We have no time to waste.

SHRI PRASANTA CHATTERJEE (West Bengal): Sir, at the outset, we demand, once again, to immediately dissolve the Assembly and initiate the process of early elections as announced here. We all know that the people of Jharkhand are deprived of a new Government for long. Both the NDA and the UPA, the combinations, resorted to opportunism for election gains in Jharkhand. They are absolutely responsible for the political instability in the State. In Jharkhand the people face a lot of hardships. The situation obtaining in Jharkhand is absolutely detrimental not only to the democratic process in the State but also to the people at large.

Sir, since the formation of the State many tribals were killed under both the NDA and the UPA regimes in the State. In the name of development people who were opposing displacements were killed. Approximately 98 MoU were signed by successive Governments for exploitation of the rich mineral resources in the State. Jharkhand State is famous mainly for iron ore and coal mining. Private companies are given a free hand to grab the land using musclemen and the Government act as their subordinates. They are openly flouting the Fifth Schedule of the Constitution. We know that there were no panchayat elections in the State, which is a constitutional requirement. People are not getting the benefit and they are not getting their rights. This is the situation in Jharkhand State. The long-pending displacement issue of lakhs and lakhs of Jharkhand people is yet to be settled by the Defence, Civil Aviation and Coal Departments of the Central Government. The State Government, the Central PSUs and private companies are acquiring land. The land acquisition by the Defence and by the Civil Aviation for the Ranchi airport is a threat to Jharia town and Dhanbad corporation due to underground fire. This is the situation. There is no democratic process in the State. There is no Assembly and there is no Panchayat. Every now and then there is police firing. There are hunger deaths. The number of BPL families has reduced. The PDS is in shambles. The Jharkhand High Court is hearing corruption cases against half of the Cabinet Ministers. The Scheduled Tribes and other Traditional Forest Dwellers Act has not yet been introduced in the State of Jharkhand. Who is responsible for that? So, we, once again, demand that elections should be held there immediately,

I can quote some paragraphs from the study carried out under the joint auspices of the World Food Programme. Due to time constraint I will not go into it. Drought has become a regular feature in Jharkhand. According to the NSS Survey, 10.46 per cent families are victims of food security and 64 per cent families face food scarcity in two-three months a year. These are the figures. But I do not want to go into details. During the last Jharkhand Budget, I remember, in this House, several

Members drew the attention of the Government to the menace of Maoist activities. I remember the speech of Shri Yashwant Sinha, On 26th January, the Governor of Jharkhand said, "My governance will try to improve the law and order scenario of the State by bringing down the criminal and Maoist activities. The Left-Wing Extremism is a challenge in the State and multi-pronged strategies have been adopted to meet the challenge".

Has the situation improved in Jharkhand? I have gone through the record. In June, several incidents took place in the State of Jharkhand. How are the Maoists collecting huge sophisticated arms? It is a mystery. How are they collecting huge funds? Sir, in my State West Bengal, bordering Jharkhand, regular killings of my party men are taking place. Some of them are leaders for long. Then looting, incidents of arson, destructions of roads, cutting of trees, etc. are still going on.

Are they getting any political support? Recently, a conversation has appeared in the media of a Maoist leader from Andhra Pradesh camping near the border of Jharkhand. That conversation is a clear indication that they are getting political patronage. What is the Intelligence report?. A public opinion should be formed. It is the utmost duty of the political parties. There should be an Assembly to lead the Government. A public opinion should be created. What action is the Union Government taking in this regard?

I would like to recall the historical writing of Pastor Martine Nimoller, which says, "When they came and killed my next door student, I did not object because I was not a student. When they killed the clerk, I did not object because I was not a clerk. When they killed the labour, I did not object because 1 was not a labour. When they came and killed me, I found there is none to save me."

Sir, a State full of rich mineral resources, with every possibility of new industries, is reeling under violence, under contractor-mafia raj. Jharkhand has become 'lootkhand'. This is what the people say. Contractor-mafia combine and people of the State are facing all sorts of exploitations. There is no political stability in the State, as I stated earlier. There are no panchayats. Corruption is rampant and horse-trading goes on, which are the common features there. So, Sir, this is the situation in Jharkhand.

Now, if we compare the Budget Estimates of 2008-09 and 2009-10, in the agriculture sector, there is a shortfall of Rs.27,639.47 lakhs; in industry, there is a shortfall of Rs.89.73 lakhs. Again, on the allocations for minorities' welfare, there is a shortfall of Rs.827.47 lakhs. In Rural Development, the shortfall is Rs.6,523.95 lakhs. So also, in minor irrigation – irrigation is the major problem in the State – the shortfall is Rs.855.68 lakhs.

Sir, my time is over...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Yes; your party had ten minutes.

SHRI PRASANTA CHATTERJEE: With these words, I demand dissolution of the State Assembly and request the hon. Minister to respond to the points raised by me. Thank you.

3.00 P.M.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Thank you, Shri Chatterjee, for sticking to the time limit. Now, Dr. V. Maitreyan, I hope you will follow Shri Chatterjee's example.

DR. V. MAITREYAN (Tamil Nadu): Sir, I rise to oppose the Government-sponsored Resolution extending the Presidential Proclamation under article 356 for a further period of six months, with effect from 19.7.09. The Courts and Parliament, over a period of time, have arrived at some consensus on the pre-conditions required for invoking the President's rule under article 356 of the Constitution. Imposition of President's rule is only on the inability of a State Government to carry out its function according to the provisions of the Constitution. A perfect example of this was the imposition of President's rule under article 356 in 1991, when the DMK Government was dismissed in Tamil Nadu. Even if the President's rule was extended for another period of six months then, nobody would have objected to it. But, in case of Jharkhand, there was no breakdown of law and order. There was only a breakdown of political arithmetic. The constitutional machinery in Jharkhand did not collapse, but the political arithmetic collapsed. So, one can understand why the President's rule was imposed for the first time in January, 2009. At that time, the arithmetic had broken down, and there was no way of a stable Government being formed at that time. But this is not so in this case, when it has been imposed for the second time now. The Central Government should have held elections to the State Assembly along with Lok Sabha elections in May, 2009. In the alternative, it could have done it at least post-the-elections. When it was its moral, legal and constitutional obligation, yet the Centre chose to extend the President's rule for the second time. And, the ruling party's alliance partner-DMK-its Chief, recently, rekindled the bogey of State autonomy-chose to support the extension of President's rule, so much for State autonomy! *...(Interruptions)...* Did they not support extension of the President's rule. *...(Interruptions)...*

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): When your party's time comes, you speak.

DR. V. MAITREYAN: The Governor of Jharkhand, in his Report dated 16th June, 2009, informed that after a lapse of almost five months, the political impasse still continues, and no major party or group has staked claim to form the Government. Under such circumstances, the Governor ought to have recommended dissolution of the House. Instead, he chose to recommend extension of the President's rule. The Central Government, which did not hesitate for a midnight hike of petrol and diesel prices prior to Parliament Session, did not even think of dissolving the House before coming to Parliament asking for extension of the President's rule.

The hon. Home Minister, while replying to the Jharkhand debate in Lok Sabha a couple of days ago, said that the only party which has not had a Minister in any of the four Governments in Jharkhand or had a Chief Minister amongst these four, is the Congress Party; it is for the people of

Jharkhand to make a judgment if these Governments are tainted or were tainted, but that taint does not apply to the Congress Party because no Congressman has been a Minister and no Congressman has been a Chief Minister there.

I would like to remind the hon. Home Minister that the last Chief Minister of Jharkhand, Mr. Shibu Soren, was supported only by the Congress Party. *...(Interruptions)...*

SHRI B.S. GNANADESIKAN (Tamil Nadu): He was not a Congressman. *...(Interruptions)...*

DR. V. MAITREYAN: You were aiding and abetting. *...(Interruptions)...* You supported. *...(Interruptions)...*

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): No, no. Please, please. *...(Interruptions)...* You will have a chance. *...(Interruptions)...*

DR. V. MAITREYAN: You had supported the Government *...(Interruptions)...* The then Chief Minister was a Minister in the Union Cabinet *...(Interruptions)...*

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): No, no. You will have a chance to speak. *...(Interruptions)...*

DR. V. MAITREYAN: That is what I am saying. Shibu Soren became Chief Minister only with the support of the Congress and RJD. *...(Interruptions)...*

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Dr. Maitreyan, you don't bother. *...(Interruptions)...* Please, address the Chair.

DR. V. MAITREYAN: Shibu Soren could not have become Chief Minister if he had not been supported by the Congress. *...(Interruptions)...*

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Please, do not disturb. *...(Interruptions)...* You will be getting the chance. *...(Interruptions)...*

DR. V. MAITREYAN: The second thing is. *...(Interruptions)...* Don't forget, Mr. Home Minister, the Union Government has tainted Ministers, at least, from Tamil Nadu. Till you get rid of the tainted Ministers from your Cabinet. *...(Interruptions)...*

SHRI TIRUCHI SHIVA (Tamil Nadu): Sir, let me respond,

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): No, no. You may speak when you get your chance. He is giving his views, not your views. Please, sit down. *...(Interruptions)...*

DR. V. MAITREYAN: Does he concede that they have tainted Ministers? I did not name anybody, Sir. I am only saying 'tainted Ministers'. *...(Interruptions)....*

SHRI TIRUCHI SHIVA: You see, we have never advocated article 355 or 356. Even when their Government was in place... *...(Interruptions)*

DR. V. MAITREYAN: Are you supporting President's Rule? *...(Interruptions)...*

SHRI TIRUCHI SHIVA: We have always. ...(Interruptions)...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Mr. Shiva, you will get your chance. I will give you a chance. But don't interfere. ...(Interruptions)... Please take your seat. ...(Interruptions)... Why do you interrupt? He is only expressing his views. Please proceed. Dr. Maitreyan, do not divert your attention now. Please, address the Chair.

DR. V. MAITREYAN: To quote the Bible, do not remove the mole from the other man's eye unless you remove the bean from your own eye.

Sir, the AIADMK is opposed to the extension of the President's Rule, with the Assembly being kept under suspended animation. Please dissolve the Assembly, continue the President's Rule and make arrangements for early elections at the earliest possible time. Thank you.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Thank you Maitreyanji, for again sticking to the time. Shri Nand Kishore Yadav.

**श्री नन्द किशोर यादव** (उत्तर प्रदेश) : माननीय गृह मंत्री द्वारा झारखंड प्रदेश में राष्ट्रपति शासन की अवधि 6 माह बढ़ाने के लिए और वित्त मंत्री द्वारा झारखंड प्रदेश का जो बजट पेश किया गया है, मैं उसका समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं।

सर, जहां तक हमारी समाजवादी पार्टी का सवाल है, समाजवादी पार्टी और उसके नेता, आदरणीय श्री मुलायम सिंह जी धारा 356 के दुरुपयोग के विरोधी हैं। जहां तक झारखंड राज्य का सवाल है, झारखंड प्रदेश में जो राजनीतिक अस्थिरता रही और जो राजनीतिक वातावरण था, उसके कारण 19 जनवरी, 2009 को वहां राष्ट्रपति शासन लागू हुआ और उसके बाद संसद के दोनों सदनों ने, लोक सभा और राज्य सभा ने, उसका अनुमोदन किया और आज उस समय-सीमा को बढ़ाने के लिए गृह मंत्री जी द्वारा प्रस्ताव लाया गया है। मैं माननीय गृह मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि जो पांच महीने का समय बीता, इसमें अगर कोई दल सरकार बनाने के लिए सामने नहीं आया, तो केन्द्र सरकार का पूरा दायित्व बनता था कि वहां पर विधान सभा को भंग करके नए सिरे से जनता का आदेश लिया जाए। लेकिन उसको टालने का काम हुआ। ऐसा नहीं है कि देश के अंदर सितम्बर और अक्टूबर में चुनाव नहीं हुए! अभी उत्तर प्रदेश राज्य में और देश के अंदर भी कम से कम 11-12 विधानसभाओं के उपचुनाव होने वाले हैं और वे सितम्बर और अक्टूबर में ही होंगे। चुनाव मानसून के समय हो या मानसून के बाद हो, यह चुनाव आयोग तय करता है। जब राजनीतिक स्थिरता झारखंड राज्य में नहीं थी, तो विधान सभा को निलंबित न करके विधान सभा को भंग करके नया जनादेश प्राप्त करने का पूरा प्रयास किया जाना चाहिए था। जहां तक झारखंड राज्य का सवाल है, जिन उद्देश्यों के लिए और जो अपेक्षाएं थीं कि बिहार बड़ा राज्य है, उसको अलग किया जाए और झारखंड के आदिवासियों की या वहां के रहने वाले लोगों की एक बड़ी लंबी लड़ाई थी, संघर्ष था कि झारखंड को अलग किया जाए, लेकिन पिछले आठ वर्षों में जब से झारखंड राज्य अलग हुआ, तब से झारखंड की स्थिति रोज़ खराब होती गई और हर क्षेत्र में खराब होती गई। अभी मुझसे पहले आदरणीय सम्माननीय सदस्य बोल रहे थे कि पिछले आठ वर्षों में झारखंड प्रदेश में पंचायतों का चुनाव नहीं हो सका। आठ वर्षों में कोई विकास का काम नहीं हो सका और जब से राष्ट्रपति शासन लागू हुआ है, आदरणीय रवि शंकर प्रसाद जी ने बताया कि एक लंबे और विस्तृत राष्ट्रपति

शासन की अवधि के बीच में जो झारखंड राज्य के 24 जनपद हैं, हर जगह अपराध बढ़ा, लेकिन जो वहां के चार प्रमुख जनपद हैं, चाहे रांची हो, चाहे जमशेदपुर हो, चाहे टाटा हो - यहां पर अपराध बहुत तेज़ी से बढ़ा है और अखबारों से निकल रहा है कि रांची, जो झारखंड की राजधानी है, वह हत्याओं का शहर हो गया है। पूरा सिस्टम फेल हो गया है और मैं तो यों कहूंगा कि केंद्र झारखंड पर अप्रत्यक्ष तरीके से सत्ता करने का काम कर रहा है, जो ठीक काम नहीं है। मेरी मांग है कि वहां पर जल्दी से जल्दी विधान सभा के चुनाव हों, नई सरकार आए, विकास का काम हों। आज पूरे झारखंड में इस तरह का वातावरण है। अपराधी चाहे नक्सलाइट्स हों, चाहे ठेकेदार हों, चाहे अधिकारी हों, सबका एक गठजोड़ बन गया है। वहां पर ठेकेदार काम करवाते हैं, नक्सलाइट्स के साथ मिलकर जितना काम होता है, उसको उड़वाने का काम करते हैं। पेमेंट पूरा-पूरा हो रहा है।

महोदय, रवि शंकर प्रसाद जी बोल रहे थे कि पिछले पांच महीने के अंदर राज्यपाल एक बार भी सचिवालय नहीं गए। वहां जो सलाहकार नियुक्त किए गए हैं, उनकी कोई भूमिका नहीं है। आज राजभवन सत्ता का केन्द्र बन गया है। नरेगा सिस्टम पूरी तरह से फेल है और उसका उदाहरण है कि झारखंड प्रदेश से पूरे उत्तर भारत में लोग काम करने जाते हैं। वे कोई बहुत बड़ा काम नहीं करते हैं। जो उत्तर भारत की ईंट के भट्ठे हैं, उनमें मज़दूरी करने का काम करते हैं। अगर झारखंड राज्य में नरेगा सिस्टम मजबूत रहा होता, तो निश्चित रूप से उत्तर भारत में जो लोग काम करने जाते हैं, उन्हें अपने गांव के पास ही रोज़गार मिल जाता। इसका दुष्परिणाम यह है कि जब पति और पत्नी दूसरी जगहों पर काम करने जाते हैं, तो उनके छोटे बच्चे भी साथ जाते हैं। छः महीने उनको वहां रहना पड़ता है और वहां वे उनकी शिक्षा का प्रबंध नहीं कर पाते हैं। अगर अपने गांव में रहते, अपने इलाके में रहते, जैसा मैडम रिबैलो बोल रही थीं, अगर झारखंड में नरेगा सिस्टम वास्तव में मजबूत रहा होता, तो आज सौ रुपए की मज़दूरी करने के लिए दूसरे प्रांतों में नहीं जाते। इसलिए आदरणीय उपसभाध्यक्ष जी, मैं चाहता हूं कि झारखंड प्रदेश में जल्दी से जल्दी एक नई सरकार आए। वहां पर चुनाव हों और जो उद्देश्य है, जो सोच है, झारखंड प्रदेश की जो आवश्यकताएं हैं - स्कूल की, बिजली की, पानी की - वे पूरी हों। आज झारखंड में पचास हजार के करीब जो सरकारी नलकूप हैं, वे खराब हैं। पिछले आठ वर्षों के अंदर वहां सिंचाई का कोई प्रबंध नहीं किया गया है। जो आठ वर्ष पहले था, वही आज है। आज वहां की जो नहरें हैं, उनकी सफाई नहीं हो पा रही हैं। बिजली की कोई व्यवस्था वहां नहीं हो पा रही है। ये सारे सवाल तभी पूरे हो सकते हैं जब विधान सभा को भंग किया जाए और नया जनादेश प्राप्त किया जाए। जब नई सरकार आएगी तो उसके उत्तरदायित्व रहेंगे और वह ज्यादा काम करेगी। इन्हीं शब्दों के साथ जो 6 महीने की अवधि बढ़ाने का प्रस्ताव आया है और झारखंड का जो बजट आया है, हम उन दोनों का समर्थन करते हैं। धन्यवाद।

SHRI D. RAJA (Tamil Nadu): Sir, the Resolution moved by the Home Minister presents a *fait accompli* situation. I do not want to foresee that Jharkhand must be under Presidnt's rule for another six months. That is why, my party demands the Assembly which has been kept under suspended animation must be dissolved forthwith and an early election will have to be held, as assured by the Home Minister. The people of Jharkhand should have a Government of their choice, a popular elected Government. Why Jharkhand could not have a popular elected Government is known to

everybody. The political opportunism on the part of several political parties – I do not want to name them right now, it is known to everybody – which has led to deterioration of situation in the State, which has led to horse-trading and all kinds of vices in the political life of Jharkhand. But, it is very painful to see Jharkhand which is one of the richest States in the country having deposits of minerals, very rare minerals, remains one of the poorest States in the country. The overwhelming population of the State is Scheduled Castes and Scheduled Tribes people. As even the Congress Members have admitted, nearly 70 per cent of the people are below the poverty-line; whatever may be the criterion of the definition of below poverty-line, the people remain poor. The State is one of the richest in terms of natural wealth. This situation needs to undergo a drastic change. Unless the people are given a choice to have their own Government, an elected Government, whatever we discuss here, I do not think, will yield the much desired result. I do not want to deliberate on various issues, as mentioned by several Members-the growing crime in the State of Jharkhand, the way the private big business houses try to loot the wealth of Jharkhand, even the way the so-called flagship pro-poor schemes of the Union Government are being flouted in the State of Jharkhand. I know the case of one Mr. Lalit Mehta, an activist, who was closely linked with the social audit of the National Rural Employment Guarantee Scheme, was murdered.

There was a demand for a CBI inquiry. It was accepted. I do not know what happened after that. Many things are happening there. It is not only the Left wing extremists or the Naxalites who are creating havoc in the State of Jharkhand but there are also other anti-social elements, there are known exploiters of poor people in villages, in towns, who are looting that State. This State cannot remain as it is today and it has to have its own Government. That is why my Party demands immediate elections. We need not wait for another six months and the Resolution says, 'for further six months'. Yes, it is a Constitutional obligation one can say but we need not wait for another six months to give an opportunity to the people of Jharkhand to elect their Government. That is why the Union Government, as assured by the Home Minister, should take up the issue, inform the Election Commission to hold the elections as soon as possible and the present Assembly which is under suspended animation has to be dissolved. What is the technicality involved it is for the Government and the Home Minister to explain. But as long as it is there, it gives an apprehension that there is some kind of a hidden agenda or some kind of manipulation is in the offing. That apprehension should be removed and that is why this suspended animation should go, the Assembly must be dissolved. Generally, we are not for the use of article 356; that is not our stand. As Dr. Ambedkar and other Constitution framers visualised, article 356 should remain a dead letter in the Constitution. .In the case of Jharkhand, it has been used, whether it was for the good or not, history will tell us. But now it has become *fait accompli* and it has become imperative that the President's Rule has to be extended, however, I want the Government to assure this House, assure the nation that the elections will be held as soon as possible and the Assembly, which is under suspended animation, will be dissolved forthwith. With these words, I conclude, Sir. Thank you.

**श्री परिमल नथवानी** (झारखंड) : उपसभाध्यक्ष महोदय, झारखंड के बजट के बारे में और झारखंड में राष्ट्रपति शासन के बारे में मुझे बोलने का मौका दिया, उसके लिए मैं सदन का आभारी हूं। सर, मैं रेग्यूलर झारखंड की ट्रिप

करता हूं। मैं देखता हूं कि वहां लोग बेहाल हैं, काफी दुखी हैं तथा झारखंड के बारे में जैसा अन्य लोगों ने भी कहा, उनकी बात से भी मैं जुड़ता हूं कि वहां राष्ट्रपति शासन को नाबूद करके फ्रेश इलेक्शन कराने की घोषणा होनी चाहिए, क्योंकि लोगों को पता नहीं चल रहा है कि यहं◌ा इलेक्शन अभी तक क्यों नहीं घोषित किए जा रहे हैं और किस मोटिव से यह हंग असेंबली कंटीन्यू हो रही है। जब फरवरी में राष्ट्रपति शासन लागू हुआ था तो लोगों को लगा था कि जरूर अच्छा गवर्नेंस बनेगा और हमने भी उम्मीद रखी थी कि गवर्नर साहब के रूल में बैटर झारखंड का निर्माण होगा, किन्तु हमें यह कहते हुए खेद हो रहा है कि राष्ट्रपति शासन यानी गवर्नर रूल के अंदर लोगों की जो उम्मीदें थीं वे परिपूर्ण नहीं हुई हैं। झारखंड का जो हाल है, वह इस बात को साबित करता है कि केबिनेट सेक्रेटरी सहित 15 सीनियर आदमियों की टीम के दो बार झारखंड का दौरा करने के बावजूद भी वहां प्रशासन में कोई सुधार नहीं हुआ है। झारखंड में राष्ट्रपति शासन को खत्म कर इलेक्शन की घोषणा होगी तो लोगों को काफी खुशी होगी और उनकी उम्मीदें बढ़ेंगी कि इससे अच्छा गुड गवर्नेंस होने वाला है।

सर, अब, मैं राज्य के बजट के बारे में कहना चाहता हं। 2009-2010 में राजस्व स्थिति में रेवेन्यू रिसीट 558 करोड़ की कमी दरसाई गई है, इसका कारण ऑरिजनल केन्द्रीय अनुदान सहायता में कमी है। टोटल प्लान एक्सपेंडीचर 9555 करोड़ रुपये का है और उसमें वर्ष 2008-09 की तुलना में 185 करोड़ रुपया अधिक बताया गया है, हमें इस बात की खुशी है। सर, लेकिन इसमें से केपिटल एक्सपेंडीचर के लिए सिर्फ 41 परसेंट ही अलोकेशन है, बाकी जो है, वह मेरे ख्याल से रेवेन्यु एक्सपेंडीचर के लिए है। अगर केपिटल एक्पेंडीचर के लिए कुछ रेवेन्यू बढ़ाई जाती, तो जो पिछड़ा हुआ झारखंड राज्य है, जिसमें काफी डेवलपमेंट की गुंजाइश है, उस पर हम काफी फोकस कर सकते थे, क्योंकि 41 परसेंट ही केपिटल एक्सपेंडीचर के लिए है। मेरा सदन से और मंत्री जी से अनुरोध है कि केपिटल एक्सपेंडीचर की रेवेन्यु बढ़ाई जाए।

सर, हाल ही में रेल मंत्री जी ने रेल बजट पेश किया था, तो ऐसा लगता है जैसे झारखंड उनके मैप में है ही नहीं। इससे हमें बड़ा खेद हो रहा है। सर, दिल्ली और रांची के बीच में सिर्फ एक राजधानी एक्सप्रेस चलती है, वह भी तीन दिन के लिए चलती है। इस ट्रेन की हालत बहुत जर्जर है और यह सप्ताह में सिर्फ तीन दिन ही चलती है। सर, मेरा अनुरोध है कि झारखंड के लिए एक नई राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन छह दिन के लिए चलाई जाए, इससे झारखंड की जनता का सम्मान होगा। सर, रांची से मुम्बई जाने के लिए सिर्फ दो ही ट्रेन हैं। मुम्बई इतना बड़ा बिजनेस केपिटल है, मैं पूछना चाहता हूं कि रेलवे को किस चीज की कमी है, जो वह रांची से मुम्बई के लिए everyday ट्रेन नहीं चला सकती। मेरी मांग है कि इस ट्रेन को भी चलाया जाना चाहिए। सर, बंगलुरू और हैदराबाद जाने के लिए लोगों को कोलकाता और दिल्ली तक जाना पड़ता है। राज्य के विद्यार्थी हैदराबाद तथा बंगलुरू में पढ़ते हैं। उनके लिए भी इस बजट में कोई समावेश नहीं किया गया है। सर, सरकार को इस तरफ भी ध्यान देना चाहिए।

सर, अब मैं ड्राउट के बारे में कहूंगा। झारखंड में एवरेज 1200 मिली मीटर बारिश होती है और उनका जो पानी है, वह उड़ीसा और वेस्ट बंगाल में चला जाता है। सर, गुजरात और महाराष्ट्र में जो चैक डैम की स्कीम बनी है, अगर ऐसे चैक डैम लाखों की संख्या में झारखंड में बनते हैं, तो मैं मानता हूं कि विलेज में ग्राउंड लेवल की वाटर कैपेसिटी ज्यादा होगी और लोगों को पीने के पानी की सुविधा भी होगी। सर, ऐसा करने से लोकल इरीगेशन भी हो

सकता है। वहां पर चैक डैम बनते जरूर हैं, लेकिन वे कागज पर हैं। सर, मैंने खुद वहां का दौरा किया है। MPLAD खर्च करने से पहले मैं पूरे एरिया में घूमा था। हमें यह देखकर दुख होता है कि वहां पर किस तरह के टूटे-फूटे चैक डैम बने हुए हैं। महाराष्ट्र और गुजरात का जो चैक डैम बनाने का पैटर्न है, उस तरह का कोई चैक डैम झारखंड में नहीं है। हालांकि सबसे ज्यादा बारिश होने के बावजूद भी झारखंड की जनता बिना पानी के जिंदा रहती है।

सर, मैं जमशेदपुर गया था। मैंने जमशेदपुर में भी देखा है कि जहां टाटा का एरिया खत्म हो जाता है, उसके बाहर आदिवासी, ट्रायबल्स 15, 20, 25 रुपयें में 15 लीटर पानी लेते हैं। सर, कब तक देश के लिए गुड गवर्नेंस की बात करेंगे। पीने का पानी गांवों तक नहीं पहुंचाया है, इसलिए मेरी सरकार से गुजारिश होगी कि चैक डैम के लिए स्पेशल एलोकेशन होना चाहिए। गुजरात और महाराष्ट्र में एक स्कीम है कि अगर 40 परसेंट गांव वाले होते हैं, तो 60 परसेंट गवर्नमेंट देती है और एक चैक डैम बनता है। सर, मेरा मंत्री जी से अनुरोध है कि गुजरात और महाराष्ट्र जैसा मॉडल हमारे झारखंड को दिया जाना चाहिए। सर, झारखंड में कृषि योग्य जमीन की 9 परसेंट लैंड ही इरिगेशन में कवर होती है। उसको भी बढ़ाया जाना चाहिए। झारखंड की जनसंख्या में ट्रायबल्स 26 परसेंट है और वे ग्रामीण इलाकों में रहते हैं। उनके पास जो लैंड है, वह लेवल में नहीं हैं, वह कहीं पहाड़ियों पर है, कहीं ढलान पर है। इसलिए वे पूरा एग्रीकल्चर नहीं कर सकते हैं। उनको हर साल सूखे का सामना करना पड़ता है। सर, मेरा मंत्री जी से अनुरोध है कि वहां पर एग्रीकल्चर सेक्योरिटी के लिए कुछ करना चाहिए।

सर, वहां पर औद्योगिक पिछड़ापन है। यहां पर अभी कई लोगों ने बताया कि काफी एमओयूज हुए हैं और एमओयूज का कोई कन्वर्जन नहीं हुआ है। सर, इंडस्ट्री के बिना रोजगार पैदा नहीं होगा। वहां पर लोग एमओयूज करके भाग गए हैं। वे लोग डर गए हैं। वे इसलिए डर गए हैं - एक तो वहां पर नक्सलाइट्ज है, पोलिटिकल स्टेबिलिटी नहीं है, लैंड एक्विजिशन पॉलिसी नहीं है। वहां पर इतना अधिक कोयला है, वहां पर इतना मिनरल रिसोर्सेस होते हुए भी, मुझे यह कहते हुए दुख होता है कि वहां पर पावर की बहुत कमी है। वहां पर लोग बहुत मुश्किल में जीते हैं। इतने मिनरल्स के रिसार्सेज होने के बावजूद हम झारखंड को कोई नया पावर प्लांट पिछले बीस साल में नहीं दे पाए हैं। राजीव गांधी बिजली करण की योजना के जहां तक मेरे पास फिगर्स है, वे सेटिसफाइ नहीं करते हैं। सर, मैं यह कहूंगा कि आज भी कुछ राज्यों में, 32 हजार गांवों में से 18 हजार गांवों में बिजली नहीं है। 18 हजार गांव बहुत होते हैं, जहां पर बिजली नहीं है। मैं स्वास्थ्य के बारे में यह कहूंगा कि हैल्थ सैन्टर भी बहुत कम हैं। गांवों के अंदर पिछड़ापन है और प्राइमरी हैल्थ सेन्टर केवल 193 हैं तथा रेफरल हॉस्पिटल 37 हैं। वहां पर 22 जिला स्तर के हॉस्पिटल हैं। इनकी संख्या भी बढ़ाई जानी चाहिए। अभी वहां पर यह कहा जा रहा है कि 4462 हैल्थ सब-सैंटर भी हैं। सर, यह एक आशा जरूर है, लेकिन यह उम्मीद पूर्ण होने वाली नहीं है। जब तक मैडिकल कॉलेज, मैडिकल हॉस्टिल नहीं बढ़ेगे, तब तक यह संख्या बढ़ने वाली नहीं है। मैं यह मानता हूं कि अगर हम झारखंड में डेढ़ सौ से दो सौ किलोमीटर तक जाते हैं, तो पाते हैं कि वहां पर एक्स-रे, सोनोग्राफी और कार्डियोग्राफी मशीन की सुविधा भी नहीं है, इसलिए हमें इसके ऊपर ध्यान रखना चाहिए। वहां पर सड़कें भी खराब हालत में हैं। *...(**समय की घंटी**)...* सर, मुझे प्लीज 3 मिनट दे दीजिए। अब मैं नक्सलाइट हिंसा पर आता हूं। अब मैं रोड की बात छोड़ देता हूं कि वहां पर 8 हजार किलोमीटर की रोड बनाने की आवश्यकता है। सर, झारखंड के 20 जिले नक्सलाइट की गिरफ्त में हैं, यह तो सभी जानते हैं और अब यह कोई नई बात नहीं रह गई है। सर, जब यहां पर हमारे होम

मिनिस्टर साहब मौजूद हैं, तो मेरा यही कहना है कि यह नक्सलवाद क्यों है? वहां के लोग गरीबी रेखा से नीचे हैं और वेस्ट बंगाल से कुछ लोग आकर उनको भड़काते हैं। उनके लिए कोई हिलिंग प्रोसेस नहीं हो रहा है। हम उनको बुलेट से कंट्रोल नहीं कर पाएंगे जैसा कि एक बार आंध्र प्रदेश में एक हिलिंग प्रोसेस हुआ था। जब तक हम गोली से मारने की बात करेंगे, तो यह कभी भी बंद होने वाला नहीं है। सर, मैं आपको जय प्रकाश नारायण जी का टाइम याद करवाऊंगा कि कैसे चम्बल के डाकुओं का आत्म-समर्पण करवाया गया था और कैसे उनको मुख्य धारा में लाया गया था, हमें उसी तरह से नक्सलवाद को भी मुख्य धारा में लाने के लिए कुछ करना पड़ेगा। ये लोग ट्राइबल्स हैं, पढ़े-लिखे नहीं हैं। इनको कुछ लोग भड़काते हैं और अब उनके साथ कुछ गुंडे लोग भी मिल गए हैं। हम उनको नक्सलाइट-नक्सलाइट करते रहते हैं। उनके लिए सच्चे तौर पर वर्क होना चाहिए, हिलिंग प्रोसेस होना चाहिए। हमारे होम मिनिस्टर साहब यहां पर मौजूद हैं, मैं उनसे यह रिक्वेस्ट करूंगा कि वे एक अच्छी टीम बनाकर, हिलिंग प्रोसेस करेंगे, तो नक्सलाइट हिंसा में काफी मात्रा में कमी पा सकेंगे। झारखंड के सरकारी आफिसों में काफी समय से रिक्रूटमेंट नहीं हो रहे हैं। इस दिशा में वहां पर प्रोसेस शुरू होकर, काम रुक गया है। आज वहां के पुलिस बल में भी करीब 8 हजार कांस्टेबल की पोस्टें खाली हैं। हमारे होम मिनिस्टर साहब पुलिस बल को अपग्रेड करने के लिए जो प्रस्ताव लाए हैं, इससे उनका मॉरेल भी बढ़ेगा और उनको सुकूल भी मिलेगा। सर, मेरा केवल इतना ही कहना है कि झारखंड को हर क्षेत्र में priority देनी चाहिए। आज झारखंड के लोगों का जो विश्वास टूट गया है और जो वहां की दयनीय स्थिति है, इससे वे बाहर निकलेंगे। आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसलिए मैं आपका आभारी हूं। धन्यवाद।

**श्री जय प्रकाश नारायण सिंह** : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आज झारखंड विनियोग अधिनियम विधेयक, 2009 पर बोलने के लिए, खड़ा हुआ हूं। मान्यवर, मिनरल के मामले में झारखंड राज्य, भारत का सबसे रिचेस्ट राज्य है, लेकिन इसके बाद भी हम गरीब हैं। इस गरीबी का कारण वहां की राजनीति और अस्थिरता है। यह राज्य छोटा है और वहां पर जो सरकारी बनती है, वह स्टेबल सरकार नहीं बनती है। सन् 2005 में विधान सभा ने सर्वसम्मित से यह पारित किया था कि विधान सभा की सीटें 81 से बढ़ाकर 150 की जाएं। वह विधेयक केन्द्र में आकर लम्बित पड़ा है। इससे छोटा राज्य उत्तरांचल है और उसकी कुल 23 सीटें थी, उनको बढ़ाकर 70 कर दिया गया, लेकिन झारखंड की 81 सीटों को बढ़ाकर 150 करने का प्रपोजल केन्द्र सरकार के पास है। वह प्रपोजल पारित क्यों नहीं होता है? हम जानते हैं कि इसको पारित करने में कहीं न कहीं कोई कठिनाई जरूर है, लेकिन किसी राज्य को सुखी बनाने के लिए अगर कानून में संशोधन करने की जरूरत भी पड़े, तो संशोधन करना चाहिए। प्रांत के हित में संशोधन करना अति आवश्यक है। राज्य विधानसभा छोटी होगी, विधायकों की संख्या बढ़ेगी, तो गवर्नमेंट अच्छी होगी, उसकी देखभाल अच्छी होगी। जब सीट बढ़ेंगी तो सरकार में स्थिरता आएगी। वहां यह स्थिति थी कि निर्दलीय की बदोलत सरकार चल रही थी। मुख्यमंत्री निर्दलीय बने थे और सभी इम्पोर्टेन्ट पोर्टफोलियो के मंत्री भी निर्दलीय ही बने थे। उन मंत्रियों और मुख्य मंत्रियों ने इतना कमाया कि सभी ने नोट गिनने की मशीन खरीद ली। हाथ से नोट नहीं गिन सकते थे, इसलिए नोट गिनने की मशीन खरीद ली। आज वहां मंत्रियों पर केस दर्ज हैं। लोग कोर्ट के चक्कर काट रहे हैं। स्थिति का आलम यह है कि लोग थाने जा रहे हैं, कोर्ट से जमानत ले रहे हैं। हम कहते हैं कि आज भारत की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस है, जो केंद्र में सत्तारूढ़ है। मैं कांग्रेस पार्टी से शिकायत की तर्ज पर नहीं, परंतु यह अवश्य कहना चाहूंगा कि कांग्रेस ने समझ-बूझकर इस सरकार को समर्थन देकर झारखंड को लूटने

का अड्डा बना दिया है। एम.पी. पार्लियामेंट चुनाव से पूर्व भी विधान सभा भंग करके, आपने जैसे राष्ट्रपति शासन लगाया था, आप चुनाव करा सकते थे, लेकिन आपने पुनः बार-बार, दो बार छह-छह महीने करके एक्सटेंशन दिया, यह समझ में नहीं आता है। वहां स्थिति स्थिर नहीं है। अभी कोई सरकार बन नहीं सकती है। हम सदन से कहेंगे कि भारत में संविधान बनाइए कि केंद्र सरकार, कांग्रेस पार्टी जब भी चाहे, किसी भी प्रदेश में परमानेंट राष्ट्रपति शासन घोषित करने का अरेंजमेंट करे। अगर यही करना है तो यह राष्ट्रपति शासन छह महीने क्यों, इसे परमानेंट कर दीजिए। यह प्रजातंत्र देश है। हम प्रजातंत्र कहे जाते हैं, लेकिन यहां राजतंत्र है। केंद्र किसी को राज्यपाल बना देगा, वह हमें अमेंड करेगा। अभी स्थिति यह है कि वहां जो गवर्नर हैं - यह आज तक का इतिहास नहीं रहा है, जब कोई भी गवर्नर बनता है, राष्ट्रपति शासन लागू होता है, तो गर्वनर अपने पास कोई पोर्टफोलियो नहीं रखते हैं, लेकिन वहां के गवर्नर ने अपने पास झारखंड का सबसे इम्पोर्टेन्ट, दस-दस मुख्य पोर्टफोलियो अपने पास रखे हुए हैं, कमेटी बनी है, सरकार को चलाने के लिए केंद्र से लोग गए हैं। इसका क्या मतलब है? गवर्नर साहब की क्या लस्ट है जो उन्होंने अपने पास ये पोर्टफोलियों रखे हुए हैं? ...(**व्यवधान**)...

**सुश्री मैबल रिबैलो** : गवर्नर साहब के पास ...(**व्यवधान**)... सर, ये बिल्कुल गलत बोल रहे हैं ...(**व्यवधान**)... ऐसा नहीं है ...(**व्यवधान**)...

**श्री जय प्रकाश नारायण सिंह** : मैबल जी, हम आप ही का इंतजार कर रहे थे कि आप सदन में बैठी हों, तब हम इस बात को रखें ...(**व्यवधान**)... आप इस बात पर हल्ला कीजिए ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): You cannot criticise the Governor. Please be careful.

**श्री जय प्रकाश नारायण सिंह** : अभी जो गवर्नर वहां शासन कर रहे हैं, वहीं मुख्यमंत्री के तौर पर भी हैं, उनका जिक्र करना जरूरी था, इसीलिए मैंने उनका जिक्र किया है। महोदय, मैं वहां के विकास के संबंध में कुछ बातें कहना चाहता हूं। रिबैलो जी हल्ला न करें, हम कांग्रेस पार्टी और वहां की सरकार के बारे में कुछ नहीं कहेंगे। हम झारखंड के विकास के बारे में कहेंगे। इस पर किसी को ऑब्जेक्शन नहीं होना चाहिए।

**सुश्री मैबल रिबैलो** : हम आपके साथ हैं।

**श्री जय प्रकाश नारायण सिंह** : महोदय, हम कांग्रेस के खिलाफ क्यों बोलेंगे। अभी सदन में 2,29,92,36,44,600 रुपए का बजट पेश किया है। यह बजट पारित होना चाहिए। हम बजट के खिलाफ नहीं है, लेकिन जो शासन कर रहे हैं, उनकी मंशा इस पैसे को खर्च करने के लिए विकास के संबंध में होनी चाहिए। अगर वास्तव में यह बात उनके मन में है, तो यह राशि भी खर्च करने के लिए कम पड़ेगी, क्योंकि झारखंड में विकास बहुत आवश्यक है। हम यह कहना चाहेंगे कि आज झारखंड की सबसे बड़ी समस्या नक्सल की समस्या है। यहां चौबीस जिले हैं। चौबीस जिले में से चौदह जिले नक्सलवाद से प्रभावित हैं। हम अपने मंत्री जी, जो हमारे सामने बैठे हुए हैं, उनको धन्यवाद देना चाहते हैं ...(**समय की घंटी**) सर, आपने घंटी क्यों बजा दी, हम अपने गृह मंत्री को धन्यवाद देना चाहते हैं कि आपने लालगढ़ में जिस तरह से नक्सल समस्या का समाधान किया है। ...(**व्यवधान**)...

**एक माननीय सदस्य** : लालगढ़ में भी किया है, रामगढ़ में भी किया है।

**श्री जय प्रकाश नारायण सिंह** : आप हमारे झारखंड को नक्सल प्रभाव से मुक्त कीजिए, ताकि वहां का विकास हो सके। वर्तमान में झारखंड में नक्सल समस्या अभिशाप बनकर विद्यमान है। उसको केंद्र सरकार और आपके जैसा ही मंत्री ही समाप्त कर सकता है। झारखंड राज्य के पास न तो सोर्सेज हैं, और न ही शासन करने वाले के पास दिल में इतनी हिम्मत है कि उसका मुकाबला कर सके। इसलिए मैं मंत्री जी से पुनः निवेदन करता हूं कि आप लालगंज की समस्या की तरह झारखंड की समस्या का समाधान कीजिए। ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे. कुरियन)**: अब बस कीजिए।

**श्री जय प्रकाश नारायण सिंह** : मान्यवर, अभी झारखंड सूखा से प्रभावित है। जून महीने में वहां मानसून आ जाता था, लेकिन अभी धान का बिचड़ा मर गया। झारखंड में सिर्फ एक फसल, धान होती है, दूसरी कोई फसल वहां नहीं होती। ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे. कुरियन)**: अच्छा, आपका समय समाप्त हो गया।

**श्री जय प्रकाश नारायण सिंह** : सर, अभी दस मिनट समय है। हम झारखंडवासी हैं, आप हमें कुछ विशेष समय दीजिए। हमारा राज्य, झारखंड सूखा से प्रभावित है। सभी बिचड़े मर गए। सरकार को अविलम्ब झारखंड को सूखा प्रदेश घोषित करना चाहिए। आजादी के कई साल बीत गए, हमारे यहां सिंचाई की कोई सुविधा नहीं है। हमारी सिंचाई भगवान भरोसे है। फसलें भगवान के भरोसे होती हैं। सिंचाई की बड़ी-बड़ी योजनाएं वहां लम्बित हैं, अधूरी पड़ी हुई हैं। सरकार इस बजट में प्रावधान करे और उस योजना को पूरा कराने का संकल्प ले।

सर, हमारे देवगढ़, जहां से हम आते हैं, मैं बाबा वैद्यनाथ शिव की नगरी है। सावन का महीना चल रहा है। वहां लाखों-लाख यात्री दर्शन-पूजा करने आते हैं, लेकिन सरकार की ओर से वहां कोई सुविधा नहीं है। सब भगवान के भरोसे है, बाबा शिव के भरोसे है। वहां की जनता की चिर-परिचित मांग थी कि केन्द्र सरकार वहां मेला प्राधिकरण का गठन करे, जैसा इलाहाबाद कुंभ मेला के लिए हुआ है। सुल्तानगंज से देवगढ़, देवगढ़ से बासुकीनाथ, ये तीन धाम, जहां से लोग गंगा जी से जल लेकर आते हैं, इसकी व्यवस्था कीजिए।

सर, हम यह कहेंगे कि सरकार ने किसानों के 70 हजार करोड़ रुपए के कर्ज माफ किए। अभी मैंने वित्त मंत्री जी से बात की थी। वहां एक छोटी-सी ग्रेन बैंक है, अगर 2 करोड़ 32 लाख रुपए माफ होंगे, तो 17 हजार किसानों के कर्ज माफ होंगे। ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे. कुरियन)**: जय प्रकाश जी, ठीक है। अब आप अपना भाषण समाप्त कीजिए।

**श्री जय प्रकाश नारायण सिंह** : सर, मैं बस दो मिनट में अपना भाषण समाप्त कर दूंगा। आप उनका कर्ज माफ कीजिए।

सर, हमें एक और बात कहनी है। लोग कहते हैं कि पीडीएस दुकानदार बहुत चोरी करते हैं। मैं सदन से यह कहता हूं कि आप कभी भी उस गरीब दुकानदार के बारे में नहीं सोचते। 1977 में आपने उसे कमीशन देने का रेट fix किया। आप उसको 7 पैसे प्रति किलो यानी 7 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से कमीशन देते हैं। उसमें वह एफसीआई के गोदाम से माल अपनी दुकान तक ले जाएगा। वह खर्च उसी कमीशन, 7 पैसे में ही शामिल है। यह कैसे possible है? (**समय की घंटी**) ...(**व्यवधान**)...

**उप सभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे. कुरियन)**: आप बैठिए, आपका समय समाप्त हो गया।

**श्री जय प्रकाश नारायण सिंह** : सर, मेरी एक और बात है। सर, एक मिनट। कोयले की रायल्टी को सरकार ने घटा दिया। ...(**व्यवधान**)...

**उप सभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे. कुरियन)**: हो गया, आप खत्म कीजिए।

**श्री जय प्रकाश नारायण सिंह** : झारखंड mineral based स्टेट है। आप उसकी रायल्टी घटा दीजिएगा, कम कर दीजिएगा, तो झारखंड जिएगा कैसे, उसका विकास कैसे होगा ! कोयला हम निकालते हैं, अभ्रक की माइंस हमारे पास हैं, लेकिन उसका central office कोलकाता में है। आप उसको झारखंड में लाइए, ताकि हमें उस पर

टैक्स मिले। यह झारखंड के साथ कैसा अन्याय है। सर, जब झारखंडवासी बजट पर भाषण दे रहा है, तो आप समय की घंटी बजा देते हैं, यह कैसे होगा।

सर, एक और बात है। हमारे यहां किसान क्रेडिट कार्ड पर किसान को 32 हजार रुपए के कर्ज मिलते हैं, जबकि अभी लोग कह रहे थे कि दूसरे स्टेट्स में 2 लाख रुपए तक किसान को कर्ज मिलते हैं। हमारे यहां छोटे राज्य में हमारे किसानों के साथ भेदभाव क्यों? आप उसको भी बढ़ाइए। दूसरे स्टेट्स में 2 लाख दीजिएगा और हमें 32 हजार दीजिएगा, यह कैसा अन्याय है! हमारे यहां सिंचाई की सुविधा नहीं है, किसान बैंक से कर्ज नहीं ले सकते। जब किसान बैंक से कर्ज लेने जाते हैं, तो इतनी formalities हैं कि वे बैंक से भाग आते हैं। इसलिए किसान को कैसे कर्ज मिले, इसका ख्याल रखना चाहिए। (**समय की घंटी**) ...(**व्यवधान**)...

**उप सभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे. कुरियन)**: अब आप बस कीजिए। आपका समय समाप्त हो गया।

**श्री जय प्रकाश नारायण सिंह** : सर, बस एक और अन्तिम बात कहना चाहूंता हूं। बस थैंक्स बोलना चाहता हूं, हालांकि बहुत से points छूट गए। आप झारखंड को एक स्पेशल पैकेज दीजिए। हम शुरू में बोलना चाहते थे। हाउस में हमारे जो नेता हैं, मैं उनको धन्यवाद देता हूं कि उन लोगों ने मुझे आज बोलने के लिए समय दिया, लेकिन मुझे बहुत कम समय मिला। इसके लिए आप सभी लोगों को धन्यवाद और सर, आपको भी धन्यवाद।

**सुश्री सुशीला तिरिया** (उड़ीसा) : उपसभाध्यक्ष जी, अभी झारखंड का जो बजट आया है, उसके प्रोक्लेमेशन के लिए और साथ ही साथ बजट के लिए मैं आपको धन्यवाद देना चाहूंगी तथा दोनों का समर्थन भी करना चाहूंगी। अभी यहां फाइनांस मिनिस्टर और होम मिनिस्टर दोनों मंत्री बैठे हुए हैं, मैं आप दोनों को बधाई देना चाहूंगी कि आज इस सदन में झारखंड के लिए बजट पेश हो रहा है।

सर, जब झारखंड स्टेट बना, तब एक ही साथ तीन राज्य बनाए गए - उत्तरांचल, झारखंड और छत्तीसगढ़। सर, कई आंदोलनों के बाद जब झारखंड स्टेट बना, उस समय सब लोगों को बहुत सारे उम्मीदें थीं। झारखंड को अगल करने का मकसद भी यही था कि वह बहुत आगे बढ़े, विकास कर सके। यह झारखंड रत्नगर्भा है और उसे भारतीय स्तर पर, विश्व स्तर पर प्रथम दर्जे का राज्य मान कर चलाया जाएगा, यही उनका मकसद था। चूंकि वे इकोनोमिकली, सोशली ओर एजुकेशनली आगे नहीं बढ़ पा रहे थे, इसलिए झारखंड बनाने के लिए किए गए आंदोलन के पीछे उनका एक ही मकसद था कि जब शासन अपने हाथ में आ जाएगा, तब फंड्स भी अपने हाथ में आ जाएंगे और तब हम तरक्की के साथ-साथ आगे बढ़ सकेंगे।

सर, मेरे हिसाब से इस क्षेत्र में विभिन्न स्तरों के % ट्राइबल्स रहते हैं। मैं उड़ीसा से हूं, लेकिन मैं यह कहना चाहती हूं कि उड़ीसा एवं वैस्ट बंगाल में जितने भी ट्राइबल्स हैं, उन सबका ओरिजिन झारखंड ही है। वहीं से सब लोग छत्तीसगढ़ और उड़ीसा इत्यादि स्थानों पर गए हैं। सब ट्राइबल्स का रिश्ता झारंखड स्टेट से ही है। सर, इस झारखंड शब्द के ऊपर मैं आपका केवल एक मिनट लेना चाहूंगी। ट्राइबल्स की भाषा में झार शब्द 'जोहार' से बना है और 'जोहार' का मतलब है नमस्कार अथवा प्रणाम। जैसे साउथ में लोग वणक्कम बोलते हैं, मुसलमान लोग आदाब बोलते हैं, इसी तरह ट्राइबल्स में 'जोहार' बोला जाता है। जब ट्राइबल्स एक दूसरे से मिलते हैं, चाहे वे छोटे हों या बड़े, तब वे नमस्कार या प्रणाम के स्थान पर 'जोहार' कहते हैं। मेरे हिसाब से इसीलिए उन्होंने इस झारखंड शब्द को ही चुना है कि जोहार के साथ-साथ वे उस राज्य को भी आगे बढ़ाएंगे। वे मंदिर अथवा मस्जिद में पूजा करने के लिए नहीं जाते हैं, वे लोग जहीरा में पूजा करने के लिए जाते हैं। जहीरा एक नैचुरल पवित्र जगह होती है, जहां पर

किसी को जाना एलाउड नहीं होता है। उनका जो पुजारी होता है, केवल वहीं उस जहीरा में पूजा करने के लिए जाता है। हो सकता है इस पवित्र नाम को इसीलिए झारखंड के नाम से जोड़ा गया और जब सब उस पर सहमत हुए, तभी झारखंड स्टेट बना।

सर, मैं यह कहना चाहती हूं कि जब-जब धरती पर पाप ज्यादा बढ़ता है, तब ऊपर से भगवान कृष्ण सोचते हैं कि अवतार लेने के लिए यही समय बिल्कुल उचित है। झारखंड राज्य में राष्ट्रपति शासन का लागू किया जाना इसी तरह का एक महत्वपूर्ण समय था। झारखंड के पड़ोसी राज्य उड़ीसा से होने के नाते मैं यह बताना चाहूंगी कि झारखंड और मेरा क्षेत्र एक ही ट्यूबवेल पर पानी पीते हैं, इसलिए मैं जानती हूं कि आज झारखंड स्टेट की स्थिति क्या है, जब-जब झारखंड की स्थिति खराब होती है, तब-तब उड़ीसा के ट्राइबल्स भी वहां जाने से डरते हैं। अभी होम मिनिस्टर साहब यहां बैठे हैं, सबसे पहले मैं उनसे यह निवेदन करना चाहूंगी कि हम लोग इधर से चाहे जितनी भी योजनाएं बनाएं, जितने भी फंड्स भेजें, लेकिन जब तक झारखंड राज्य में लॉ एंड ऑर्डर सिचुएशन को हम लोग ठीक नहीं करेंगे, जब तक झारखंड राज्य में हम करप्शन को दूर नहीं करेंगे, जब तक हम लोग इन लोगों की कार्य करने की इच्छा शक्ति को बढ़ावा नहीं देंगे, राजनैतिक इच्छा शक्ति को बढ़ावा नहीं देंगे, तब तक झारखंड राज्य की उन्नति और विकास कभी भी नहीं हो सकता है।

सर, इसलिए मैं आपसे यह कहना चाहूंगी कि इस रत्नगर्भा राज्य में कितने सारे मिनरल्स हैं, कोल है, आयरनओर हैं, लेकिन जैसा कि मेरे पूर्ववक्ताओं ने कहा कि सच तो यह है कि वहां पर देखने लायक कोई भी इंडस्ट्री नहीं है। अभी भी बहुत सारे स्कूलों में उस क्षेत्र के बच्चों के लिए पीने का पानी तक नहीं है। वर्ष 2005 में 500 स्कूलों में पीने का पानी नहीं था। वहां के पानी में आर्सेनिक और फ्लोराइड होने की वजह से बहुत सारे स्कूलों में पीने के पानी का प्रबंध होने के बावजूद भी बच्चे उसे पी नहीं सकते थे। मैं आपसे यह निवेदन करना चाहूंगी कि जिस राज्य में बच्चों को ठीक से पीने का पानी तक नहीं दिया जाता है, उसके लिए हम विकास की क्या बात करेंगे? जिस राज्य में अभी तक हम बच्चों के स्वास्थ्य को भी ठीक नहीं कर पाए हैं, उस राज्य के लिए हम लोग विकास की क्या बात करेंगे? इसके लिए अगर हम ज्यादा फंड्स मांगेंगे तो और अधिक फंड्स वहां पहुंचेंगे, यह बात ठीक है, लेकिन जब तक वहां करप्शन दूर नहीं होगा, तब तक विकास कैसे होगा? जो ऑफिसर वहां पर काम करने के लिए जाता है, अगर उसके द्वारा 25% काम करने के बाद 100% काम का बिल बनाया जाता है, तो विकास कहां से होगा? सर, उस ट्राइबल क्षेत्र में, जो कि एक कल्चरल राज्य है, land endowed with nature है और जिसे प्रकृति ने आगे बढ़ने के लिए इतना कुछ दिया है, उसके बावजूद वह आगे नहीं बढ़ पाया है। सर, मैं आपसे एक निवेदन करना चाहूंगी कि उसके एक ट्राइबल क्षेत्र या ट्राइबल राज्य या ज्यादातर ट्राइबल संस्कृति का राज्य होने के नाते वहां की महिलाओं के विकास के लिए आपको ज्यादा ध्यान देना चाहिए। ट्राइबल परिवार matriarchal family कहलाता है। उसमें महिलाओं को ज्यादा प्रधानता देते हैं। वहां महिलाओं को ज्यादा पूछा जाता है। उन पर वहां ज्यादा ध्यान दते हैं, इम्पोर्टेंस देते हैं। आप लोगों ने self-help groups बनायें हैं, जो कि फिलहाल 71,762 हैं। भारत वर्ष में इसे 22 लाख, 50 परसेंट से ज्यादा, बनाने की जो सोच है, इसमें मैं समझ रही हूं कि उनको empower करने के लिए self-help groups पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए। जो girl children 11 सालों से ऊपर की हैं - आज अगर हम वूमन कमिशन की रिपोर्ट देखें तो पाएंगे कि महिलाओं की ज्यादातर ट्रैफिकिंग झारखंड से होती है। मैं यह कहना चाहूंगी कि ट्रैफिकिंग महिलाओं के लिए नहीं है। जब हम महिलाओं, जो कि भारत वर्ष की नींव हैं, उनके एम्पावरमेंट की बात सोच रहे हैं तो मेरे हिसाब से महिलाओं को empower करने से उनकी ट्रैफिकिंग जो झारखंड में हो रही है, वह

बहुत कम हो जाएगी। इसके साथ ही SHG के जो ज्यादतर कानून हैं, प्रोजेक्ट्स हैं, वे प्रोजेक्ट्स तो चल रहे हैं, लेकिन उसके बावजूद भी वहां एग्रीकल्चरल लैंड ज्यादा है। वहां बाकी चीजों में लोगों की जो साधारण जीविका है, वह ज्यादातर एग्रीकल्चर के ऊपर dependant है। SHG के माध्यम से भी आप micro finance bank, एग्रीकल्चर, पशुपालन, ग्रामीण उद्योग या हस्तशिल्प, इस तरह के कुछ प्रोजेक्ट्स महिलाओं को दीजिए, जिनसे वे महिलाएं economically सशक्त होंगी ...(**समय की घंटी**)... तो वे झारखंड राज्य में जरूर इकोनॉमिकली आगे बढ़ेगी।

सर, मैं यह भी कहूंगी कि वहां एजुकेशन पर भी हमें बहुत ध्यान देना चाहिए। झारखंड के बहुत-सारे स्टूडेंट्स उड़ीसा में पढ़ने आते हैं। वहां एजुकेशन में क्वालिटी भी नहीं है। वहां के बहुत-सारे गांवों में क्लासरूम की भी जरूरत है। वहां पर बहुत-सारी जगहों में स्कूल भी नहीं हैं। वर्तमान में वहां राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद एक चीज के लिए मैं सरकार को, विशेषकर श्री नमो नारायण मीणा जी को और यहां बैठे हुए होम मिनिस्टर साहब को भी, बधाई देना चाहूंगी कि क्लास 1 से क्लास 8 तक के टेक्स्ट बुक्स एस.सी.-एस.टी. के लिए वहां फ्री सप्लाई हो रही है। इसके अलावा सौ से भी ज्यादा ideal schools हर पिछड़े हुए ब्लॉक्स में बनाने की अभी बात है। इसके साथ ही अन्नपूर्णा और अन्त्योदय योजना के तहत कोई योजना लागू करने का इन्होंने मुख्य रूप से प्रावधान रखा है। इससे लगभग 12 लाख families benefited होंगी। ...(**समय की घंटी**)... सर, मैं आपसे केवल एक-दो मिनट्स और लूंगी, ज्यादा नहीं लूंगी।

सर, मैं आखिर में यह कहना चाहूंगी कि NRGES के तहत जो काम चालू है, तो वहां पर अभी NRGES न के बराबर है। केवल pen and paper में वहां NRGES में अभी 83 परसेंट job-card holders हैं। ...(**व्यवधान**)...

**उपासभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे. कुरियन)**: अब आप समाप्त कीजिए।

**सुश्री सुशीला तिरिया** : मैं आपसे यह निवेदन करना चाहूंगी कि इस जनरल बजट में NRGES एक मुख्य बात है, क्योंकि more than 45 per cent of the budget जो है, वह NRGES पर लागू है। इसमें 96 हजार परिवारों को इस बार झारखंड में जॉब कार्ड के माध्यम से काम देने का प्रावधान है। उसके लिए मैं मुबारकबाद देना चाहूंगी।

**उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे. कुरियन)**: अब आप समाप्त कीजिए।

**सुश्री सुशीला तिरिया** : सर, अब मैं और ज्यादा न कहते हुए केवल इतना ही कहना चाहूंगी कि ट्राइबल्स, जो झारखंड की नींव है, जिन्हें आज नक्सलवादी या माओवादी कह कर अरेस्ट किया जाता है - मैं भी ट्राइबल परिवारों के नौजवानों से या लड़कों से मिलती हूं - उनका यह कहना है कि कल तक तो हम बड़े लोगों से बात नहीं कर पाते थे लेकिन आज कम-से-कम बंदूक को साथ में लेकर बड़े लोगों के साथ बात करने का यह फ्रीडम हमको मिला है और इसमें वे लोग गर्व महसूस करते हैं। इसलिए मैं कहना चाहूंगी कि उनको इम्प्लायमेंट देने की जरूरत है ...(**समय की घंटी**)... वहां पर लॉ एंड ऑर्डर की सिचुएशन को ठीक करने की जरूरत है। यह कह कर मैं आपको धन्यवाद देते हुए अपनी बात को समाप्त करती हूं। धन्यवाद।

**उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे. कुरियन)**: श्री साबिर अली।

SHRI SABIR ALI: Sir, I stand here to support article 356 as well as the Budget.

सर, मैं अपनी बात शुरू करने से पहले आप के द्वारा यह मांग करना चाहता हूं कि इसी सदन में प्रातःकाल इसी सदन के सीनियर मैंबर श्री रवि शंकर प्रसाद जब अपना भाषण कर रहे थे, उस समय मैंने हस्तक्षेप किया था,

लेकिन उसी दौरान उन की पार्टी के बड़े सीनियर लीडर श्री अहलुवालिया जी ने जिस तरह की भाषा का प्रयोग किया, उससे इस सदन का हनन हुआ है। यह मैं आप के द्वारा मांग करता हूं, उन्होंने जिस तरह का व्यवहार किया, उस से ऐसा लगा कि यह कॉलेज है और सीनियर लोग जूनियर की रैगिंग करना चाहते हैं, महोदय, इसलिए मैं आप से मांग करना चाहता हूं कि वह इस सदन में माफी मांगें।

**श्री रुद्र नारायण पाणि** : वह आप को नहीं, मुझे कह रहे थे।

**श्री साबिर अली** : आप अपनी बारी में बोलिएगा।

सर, यहां झारखंड में राष्ट्रपति शासन के extension की बात चल रही है, उसकी governance को एक और 6 महीने आगे बढ़ाने की बात चल रही है। सर, मैं कहना चाहता हूं कि जिस वक्त झारखंड बना, वहां सबसे पहले बी.जे.पी. की अगुवाई में सरकार बनी और उन का पहला बजट पेश हुआ था। मैं स्मरण दिलाना चाहता हूं वह सरप्लस बजट था। सर, पूरे हिंदुस्तान में एक ही स्टेट है जिसका वह सरप्लस बजट था, लेकिन दूसरा और तीसरा बजट आते-आते उस वक्त के सत्ताधारी लोगों ने झारखंड को ऐसी गाय समझ लिया, ऐसी दूध देती गाय, जिस का दोहन सुबह किया जाता था, दोपहर किया जाता था और शाम को भी किया जाता था। फिर दो साल का वक्त गुजरने के बाद उस दूध देने वाली गाय का दूध सूख गया यानी उस का दूध खत्म हो गया। सर, मैं आप को बताना चाहता हूं कि अभी वहां जो सरकार निरस्त कर दी गयी है और आर्टिकल 356 के तहत जो governance rule में वहां जो शासन दिया गया है, मैं नहीं समझता हूं कि वहां हालत बहुत खराब है। झारखंड की जो हालत खराब हुई है, वह आज नहीं हुई है बल्कि पिछले 8 वर्षों में उसका स्तर निरंतर गिरता गया है, वहां हालात खराब होते गए हैं। वहां 5 साल तक बी.जे.पी. की सरकार रही थी, आप उसका रिकॉर्ड उठाकर देखें लें तो सबसे ज्यादा दोहन और पैसा गिनने की मशीन शुरू करने वाली बी.जे.पी. की ही सरकार और उन के मंत्री थे। इसलिए मैं आप से कहना चाहता हूं कि आज बी.जे.पी. को इसलिए दर्द हो रहा है क्योंकि उनकी जो मशीनें ग्रीसिंग लगाकर चल रही थीं, आज वे सूखी पड़ गयी हैं। वे मशीनें खराब न हो जाए, इसलिए वे लोग ज्यादा जल्दबाजी में हैं। सर, राष्ट्रपति शासन का जो extension लिया जा रहा है, मैं इस का इसलिए सपोर्ट करता हूं क्योंकि वहां की स्थिति उतनी अच्छी नहीं है। सरकार उस पर नियंत्रण बनाए रखना चाहती है और जब भी अच्छी स्थिति आएगी वहां के election कराए जाएं।

**श्री रवि शंकर प्रसाद** : सर, इस तरह के allegation लगाना ठीक नहीं है। ...(**व्यवधान**)...

**श्री साबिर अली** : सर, वहां अकलियत के लोग भी रहते हैं। उस समय हम लोगों के रोजे का वक्त होता है। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि नवंबर-दिसंबर में चुनाव के लिए उचित समय होगा। धन्यवाद।

**उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे. कुरियन)**: श्री गंगा चरण।

**श्री गंगा चरण** (उत्तर प्रदेश) : महोदय, मैं झारखंड में राष्ट्रपति शासन की अवधि बढ़ाए जाने का विरोध करता हूं और मांग करता हूं कि वहां जल्दी से जल्दी चुनाव कराए जाएं।

सर, झारखंड की नक्सलवाद की समस्या देश की सबसे बड़ी समस्या है और इस नक्सलवाद को हम बंदूक या गोली से समाप्त नहीं कर सकते हैं। सर, झारखंड एक आदिवासी क्षेत्र है। इस देश के मूल निवासी आदिवासी हैं, लेकिन आज देश की आजादी के 62 साल बाद भी हम आदिवासियों को रोटी, कपड़ा और मकान मुहैया नहीं करा पाए हैं। यह हमारे लिए शर्म की बात है कि उन्हें रोटी के लिए बंदूक उठानी पड़ रही है। उनके कमांडर-इन-चीफ

मात्र रोटी खिलाते हैं, पहनने के लिए कपड़ा देते हैं और उसके लिए वे बंदूक उठा लेते हैं व उनका साथ देते हैं। मैं गृह मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि इस समस्या के निदान के लिए गंभीरता से विचार करें। झारखंड की गरीबी, भूख और आदिवासियों की बेरोजगारी मिटाने के साथ-साथ उनकी शिक्षा और मकान पर अधिक से अधिक बजट खर्च किया जाए।

सर, आज यह नक्सलवाद की समस्या झारखंड से बढ़ कर छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, यहां तक कि पूरे देश में फैलती जा रही है। हमारे इस ग्लोबल मार्केट में गरीब और अमीर के बीच की खाई बढ़ती चली जा रही है। एक तरफ अमीरों की संख्या बढ़ रही है तो दूसरी तरफ गरीबी की रेखा से नीचे जाने वाले लोगों की संख्या भी बहुत बड़ी तादाद में बढ़ रही है। आज गरीब लोग मजबूर होकर हथियार उठा रहे हैं। एक दिन ऐसा आयेगा जब गरीब के पेट की भूख उनके दिमाग में लग जाएगी तब वह कानून और कानून बनाने वाले, दोनों को खत्म कर देगी। आज न नेता सुरक्षित हैं और न ही अधिकारी सुरक्षित हैं। इस पर सदन को गंभीरता से विचार करना चाहिए। एक तरफ तो हम सेंसेक्स को देख रहे हैं कि सेंसेक्स बढ़ रहा है, लेकिन दूसरी तरफ हम गरीबों को नहीं देख रहे हैं। कितने करोड़ों लोग आज फुटपाथ पर सोते हैं? कितने करोड़ों लोग आज भूख से आत्महत्या कर रहे हैं? कितने लोगों के तन पर कपड़ा नहीं है? लोगों के पीने के लिए पानी नहीं है। हम लोग तो मिनरल वाटर पीकर अपनी प्यास बुझाते हैं, लेकिन उन गरीबों के पीने के लिए पानी भी मुहैया नहीं होता है।

सर, गृह मंत्री जी अपने में मशगूल हैं, मुझे लगता है कि उन्हें हिंदी आती नहीं है और वह सुनना नहीं चाहते हैं। सर, यह तो सदन का हनन है। मैं अपनी बात कह रहा हूं और वह ....... वह अपना पॉलिटिकल डिसकशन बाद में भी कर सकते हैं।

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): He is listening.

**श्री गंगा चरण** : यस सर, थैंक यू। यह नक्सलवाद की समस्या गृह मंत्री जी के लिए भी महत्वपूर्ण है। यह देश के लिए चुनौती है। नक्सलवाद से अभी एक एस.पी. और कितने लोग मारे गये! 30 लोग मारे गए। हमारे जवान रोज मारे जा रहे हैं, नेता मारे जा रहे हैं, नेताओं के परिवार के लोग मारे जा रहे हैं और हम लोग इस पर गंभीर नहीं हैं। यह नक्सलवाद एक दिन देश के लिए एक बड़ी चुनौती साबिह होगा, क्योंकि गरीबों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, आदिवासियों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। हम सर्वदलीय लोगों को मिल कर, खास तौर से ...(**व्यवधान**)... जरा शांत रहिये प्लीज, सारे पॉलिटिशंस को मिल कर, सारे राजनीतिकों को मिल कर इस पर गंभीरता से विचार करना होगा। एक तरफ हम देश को आगे बढ़ाने की बात कर रहे हैं, दूसरी तरफ भूख के कारण लोग हथियार उठा रहे हैं। आज यह नक्सलवाद की समस्या - मैं बुंदेलखंड का रहने वाला हूं। वहां भी आदिवासी तथा गरीब हैं और लोग भूख से पीड़ित हैं। वहीं डाकू कल नक्सलवाद का चोला भी ओढ़ सकते हैं। इससे निपटने के लिए बंदूक जरूरी नहीं है। मिलिट्री और बंदूक के बल पर हम सबको मार नहीं सकते हैं, सबको नहीं दबा सकते हैं। हमें गरीबों की आवाज भी सुननी पड़ेगी। हम लोग यहां एयरकंडिशंड में रहते हैं और उन गरीबों का दर्द भूल जाते हैं। मेरा यह सुझाव है कि कुछ स्लम बस्तियों में कुछ मकान बनाये जाएं और हर एम.पी. को रोटेशन पर एक-एक महीने वहां रखा जाए, तब उन्हें पता चलेगा कि गरीबों का दर्द क्या होता है? गरीब अपना चूल्हा कैसे जलाते हैं? गरीब अपनी भूख कैसे मिटाते हैं? मिनिस्टर्स को भी वहां एक-एक महीने रखा जाए। यहां एयरकंडिशंड बंगलों में रह कर ये उनका दर्द भूल रहे हैं। ...(**समय की घंटी**)

**उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे. कुरियन)**: ओ.के.। बस-बस।

**श्री गंगा चरण** : काश, हमारे देश में एक माओवाद जैसी, नेपाल में एक क्रांति हुई है, हमारा देश भी अछूता नहीं रहेगा। आज हम माओवाद का विरोध कर रहे हैं। एक दिन गरीब अपने हाथ में बंदूक उठा लेगा और माओवाद आप

भारत में नहीं रोक सकते हैं। सर, इसलिए हमें इस पर गंभीरता से विचार करना होगा कि हम इन गरीबों की समस्या पर ज्यादा ध्यान दें। आज सरकार सेंसेक्स के आंकड़े देती है। ...(**समय की घंटी**)

**उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे. कुरियन)**: समाप्त कीजिए।

**श्री गंगा चरण** : जी सर, मैं अभी समाप्त कर रहा हूं।

**उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे. कुरियन)**: पांच मिनट से ज्यादा हो गए।

**श्री गंगा चरण** : सर, यह सदन गरीबों की समस्याओं पर डिसकशन के लिए बना है ...(**व्यवधान**)... सर, पार्टियों के मतभेद भुला कर नक्सलवाद पर चर्चा होनी चाहिए। नक्सलवाद को यदि जड़ से समाप्त करना है...

**उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे. कुरियन)**: सुनिए, आप इसके लिए अलग से एक दूसरा नोटिस दीजिए।

**श्री गंगा चरण** : हां सर, मैं इस पर अलग से एक नोटिस दूंगा। नक्सलवाद पर अलग से बहस होनी चाहिए। हमारे गृह मंत्री जी बहुत ही संवेदनशील हैं।

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Okay, take your seat.

**श्री गंगा चरण** : जब से यह गृह मंत्री बने हैं, हमारे भारत की सुरक्षा के लिए काफी गंभीर रहते हैं, लेकिन नक्सलवाद की समस्या बदूंक से नहीं दबायी जा सकती है। ...(**व्यवधान**)... मैं यह कहना चाहता हूं कि झारखंड में गरीबी, भूख और बेराजगारी दूर करने के लिए और वहां के आदिवासियों की शिक्षा पर खर्च करने के लिए अधिक से अधिक बजट दिया जाना चाहिए। धन्यवाद।

DR. K. KESHAVA RAO (Andhra Pradesh): Mr. Vice-Chairman, Sir, right before us, we have three points. One is the Resolution asking for the extension of the President's Rule, and, against that, there is another motion saying that it must be revoked. What is the meaning of both of these, I have not understood. If it is the need for election, the Home Minister is on record to say that soon after the monsoon, there would be elections. If you are asking for the revocation of the Proclamation, you are asking for the elections. And, the election would take place only after the monsoon. That is the meaning. Now, the reason as to why he should still not agree to us is simple. I have something to do with Jharkhand from the Party's side. It has nothing to do with the Parliamentary work. Since I am involved there for the last one year, I am well versed to speak on that. We have not dissolved the House because we don't want to throttle the democratic process.

(MR. DEPUTY CHAIRMAN - *in the Chair)*

Today, there are 73 MLAs, elected by people. They have not yet given any kind of notice to the Governor to form government or have made any claims. That means that they still exist as far as Constitution is concerned but without government. The latest SC judgement, about which you have referred, refers to article 356 as far as dissolution of the House is concerned. That itself is a sufficient answer for me to say that the Governor today cannot recommend dissolution, or, the Central

Government should revoke the Rule, when there are 73 people still considering themselves as to whether they should go for government or not.

As far as Congress Party is concerned, we were never interested in it. There was nothing like a 'hidden agenda' because from day one, from 2002 till today, the legacy of all that has been said and done is there for us to see. The people there are disease-stricken, stunted, half-clothed, half-fed, whatever it is. Whose legacy is this? I would not like to take the names, because only the people in power have done that. I know there was one occasion when one Independent wanted to form the Government. How can you stop it when the Constitution does not speak of political parties in the Constitution? The cognizance of the parties had come through the Anti-Defection Act. But that is not in the Constitution. So, we cannot say 'no' when some Independent comes and says that he has the majority. After all, the Government is accountable to the House; that is why it had come. Yesterday, we had elections to Rajya Sabha. We have those two MPs here. We had 44 MLA's supporting the Congress candidate. That means we knew that we had the majority. It does not mean that we should make a claim. I mean, we are still thinking. But we say strong 'No', for one simple reason. Let us think of the people first – the perception of the people which you are trying to talk. You say, they are counting currency notes with some kind of machines or whatever. That is the perception of the people. They are making the mockery of democracy. Everybody has made it a fashion to criticize the politicians; everybody has made it a style to blame these people. Whatever it is, since we have to go in tune with them, we thought we would not stake a claim at all. At the same time when we are not making a claim, I cannot throttle other people's desires who are asking that there should be formation of the Government. But we say, 'No'. So, what we tried to do is let the Governor decide. But what you are asking is that it should be revoked or that there should be early elections. Let us take a decision on it right here. A strong decision has been taken by the Home Minister. He has said that we would have elections as early as possible. That ends the matter. So, there is no question of rejecting this resolution or accepting that resolution. The resolution today for the extension of President's rule is nothing but to seek another three months' time so that there is no vacuum there, and, some authority is in place which is accountable. ...(**Time-bell**)... Sir, I would not take up any other thing. But as far as the Budget is concerned, I will as third point say it in one word. The condition of people in Jharkhand is worst and beyond description. My friend from Bundelkhand, and, Ms. Sushila Tiriya have said it. I would hang my head in shame that today after sixty years of Independence, we have people suffering worst privations. None of us talked about it. She talked about those things. We are just talking about irrigation and all other things. Today, they don't have water to drink there. Sir, 1800 villages do not have even a well. These things have not been looked into. Therefore, what we are asking is a special package. I am not blaming BJP although my friend, Sabir Ali, said so. I would not say that. Please see the report of the Cabinet Secretary, Mr.

Chandrasekhar, which says that works granted from 2000-2007 have not been completed or have not been taken up. Whether you were in the Government or somebody else was in the Government, I am not blaming that. But the question today is that the condition of the people of Jharkhand is worse and that is what we must look into. Now when we are looking at the condition of the people of Jharkhand, we think, as far as my party is concerned or all allying parties are concerned, that, with your cooperation, our attention should be on ameliorating these condition of the people there.

Sir, monsoon is approaching. The moment it comes, the condition of houses will be such that nobody can stay there. Girls cannot walk up to schools because they are far away. Why can't we give bicycles to the girls who want to go to school? There should be some kind of incentive for them.

Sir, as far as the PDS is concerned, we, have not given them BPL cards at all.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please, conclude.

DR. K. KESHAVA RAO: The Cabinet Secretary, Mr. Chandrasekhar, said that. But it is not the fault of the people. It is the fault of the administration. Sir, through you, I would request the Home Minister and the Finance Minister or whosoever the authority is, to declare or notify the forest areas as BPL areas, so that a man need not require a BPL card. If he has a residential certificate, he can go and collect his PDS ration. Let us do it on a war footing. Every village should have some water, whether it is treated or not. At least, let them have some water to drink, I know that everybody here has expressed the same concerns. I share those concerns.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please, conclude.

SHRI SITARAM YECHURY: Sir, he was not willing to speak on this subject. The Chair persuaded him. Now when the Chair is asking him to stop, he is not willing to stop. ...*(Interruptions)*...

DR. K. KESHAVA RAO: Sir, this is exactly the truth. Mr. Yechury always speaks the truth. ...*(Interruptions)*...

**श्री रुद्रनारायण पाणि** : केशव राव जी, आप एक मिनट सुनिए। ...(**व्यवधान**)...

PROF. P.J. KURIEN: He asked for it.

**श्री रुद्रनारायण पाणि** : केशव राव जी, आपने कहा कि आपके 44 विधायकों ने समर्थन देकर दो सांसदों को जिताया है, तो क्या आप सरकार बनाने जा रहे हैं? ...(**व्यवधान**)... अगर आपके 44 विधायकों ने राज्य सभा के दो सदस्यों को जिता कर यहां पर भेजा है, तो क्या आप अभी एक पॉपुलर गवर्नमेंट बना लेंगे?

MR. DEPUTY CHAIRMAN: We should be able to finish the reply by five o' clock, पाणि जी, आप बैठिए। ...(**व्यवधान**)...

**डा. के. केशव राव** : सर, मैं ऑनरेबल मैम्बर को यही कहना चाहूंगा कि जो भी प्रजा के लिए अच्छा होगा, उस गरीब के लिए अच्छा होगा, जिसकी आंखों का पानी आपको दिखाई नहीं दे रहा है, जिसका पेट जल रहा है, वह दिखाई नहीं दे रहा है, उसके लिए जो अच्छा होगा, वही करेंगे, शुक्रिया।

**श्री राम नारायण साहू** (उत्तर प्रदेश) : सर, आज झारखंड पर यहां सदन में चर्चा हो रही है। जैसा कि बहुत से लोगों ने कहा, मैं भी वही बात कहना चाहता हूं कि झारखंड के विकास में सबसे बड़ी बाधा नक्सलवाद है और नक्सलवाद को चाहे प्यार-मोहब्बत से, चाहे दबाव डालकर, चाहे लालगढ़ के तरीके से और चाहे पंजाब में जैसे किया गया था, हल किया जाना चाहिए। एक समय पंजाब में ऐसा था कि लोग समझ नहीं रहे थे कि वह भारत में रहेगा या दूसरी जगह जाएगा, लेकिन उसको मुक्ति दिलाई गई। उसी तरीके से इस नक्सलवाद को दूर किया जाना चाहिए। सर, अभी मैं केवल झारखंड की बात कर रहा हूं। और जब तक यह समस्या दूर नहीं होगी, वहां का विकास बिल्कुल नहीं हो पाएगा। वहां की कानून और व्यवस्था बहुत खराब है। कल भी वहां पर एक व्यापरी किडनैप हुआ है। मैं आपको यह बात भी बताना चाहूंगा कि वहां इतने खनिज पदार्थ हैं, जो पूरे भारत में नहीं हैं, लेकिन आज सबसे पिछड़ा हुआ कोई प्रदेश है, तो वह झारखंड है। राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी की वजह से वहां का विकास नहीं हो पा रहा है। वहां जल्द से जल्द चुनाव कराने चाहिए और नई सरकार वहां आनी चाहिए।

सर, वहां गरीबी इतनी है कि मुझे जब वहां जाने का मौका मिला, तो मैंने देखा कि लिमिट है वहां गरीबी की! सड़कें ऐसी हैं कि 15 से 20 किलोमीटर की रफ्तार से ज्यादा आप गाड़ी नहीं चला सकते ! बड़का काना से टाटानगर तक की जो सड़क है, केवल वह सड़क वहां कायदे की है, बाकी सब बिल्कुल बंजर की तरह हैं।

इसी प्रकार से वहां पर बिजली की हालत बहुत खराब है। वहां पर जो विकास कार्य हैं, राजनीतिक इच्छा शक्ति की कमी की वजह से वे पूरे नहीं हो पा रहे हैं। वह भारत का सबसे बड़ा प्रदेश बन सकता है। सर, किसी ज़माने में शारजाह और दुबई में खजूर के अलावा कुछ पैदा नहीं होता था लेकिन वहां पर लोगों ने मेहनत की। आज शारजाह में अंगूर पैदा होते हैं, वहां पर क्रिकेट मैच खेला जाता है। इसी प्रकार दुबई ने कितनी तरक्की की, वह हम सब लोग जानते हैं। इसलिए यहां पर बैठे सभी माननीय सदस्य - चाहे इधर के बैठने वाले हों या उधर के बैठने वाले हों - सब ईमानदारी के साथ, इच्छाशक्ति के साथ काम करें। यहां पर गृह मंत्री जी बैठे हुए हैं, बड़े-बड़े नेता बैठे हुए हैं, वे सब मिलकर वहां पर नक्सलवाद को खत्म करके उसे भारत की मुख्य धारा से जोड़ने का काम करें। अगर हम भारत के सभी प्रदेशों में इच्छा शक्ति के साथ काम करेंगे तभी हमारे भारत का विकास हो सकता है। महोदय, नक्सलवाद भारत को दीमक की तरह खा रहा है इसलिए इस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। यह भारत के विकास में बहुत बड़ी दीवार बना हुआ है। इस पर सरकार को गंभीरता से विचार करना चाहिए। बहुत-बहुत धन्यवाद।

**श्री राजनीति प्रसाद** : सर, सबसे पहले मैं आपको धन्यवाद देता हूं। इसके साथ-साथ मैं मैडम रिबैलो जी को, जिन्होंने हिन्दी में भाषण दिया है, धन्यवाद देता हूं। उनकी भाषा अंग्रेजी है लेकिन बहुत बढ़िया ...(**व्यवधान**)... उन्होंने थोड़ा भाषण हिन्दी में दिया। ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापति** : राजनीति प्रसाद जी, आप झारखंड पर आइए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री राजनीति प्रसाद** : हो गया। अब बैठिए। ...(**व्यवधान**)...

**प्रो. पी.जे. कुरियन** (केरल) : उनको तो धन्यवाद दे रहे हैं, बाकी लोगों को धन्यवाद नहीं देंगे। ये क्या discrimination है? ...(**व्यवधान**)... यह तो discrimination है। ...(**व्यवधान**)...

**श्री राजनीति प्रसाद** : अब हो गया। ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापति** : आप भाषण दीजिए न।

**श्री राजनीति प्रसाद** : सर, जो झारखंड का बजट है, उस पर मैं उनका समर्थन करता हूं। मैं एक बात कहना चाहता हूं कि बिहार का जब बंटवारा हुआ तो लोग गोल्ड रश के लिए चले। वह गोल्ड रश था। लोगों ने सोचा कि हम झारखंड में जाएंगे, बढ़िया मंत्री बनेंगे और झारखंड का विकास करेंगे। वहां लड़ाई मुख्य मंत्री की है। लड़ाई एमपी वगैरह की नहीं है, एमपी वगैरह तो चुनकर चले आए। वह पैसा कमाने का मैदान है। महोदय, पता नहीं क्यों जय प्रकाश जी ने कहा कि हमें पैकेज चाहिए। अरे भाई, हम बिहार के लोगों को तो आलू और बालू मिली है, आपको सारी सम्पत्ति वहां पर मिल गई - वहां पर कोयेल की खान मिल गई, वहां अभ्रक की खान मिल गई, वहां लोहे की खान मिल गई, आप टाटा-बाटा सब उधर ही ले गए। पैकेज आपको क्यों मिलेगा? पैकेज तो हमें मिलना चाहिए। जो आपने कहा था कि बिहार को पैकेज देंगे, बिहार को वह पैकेज दिया ही नहीं। आप तो पैकेज की मांग कर रहे हैं। सर, हमारे रवि शंकर प्रसाद जी ने कहा कि वहां पर नोट गिनने की मशीन है। मैं भी उन्हें endorse करता हूं। सचमुच जो हमारी पॉलिटिकल पार्टीज़ के लोग हैं, उन्होंने अच्छा काम नहीं किया। वहां पर 70 प्रतिशत से ज्यादा गरीब लोग हैं, आदिवासी लोग हैं। उनके पास अभी रहने के लिए मकान नहीं हैं, अभी भी उनके बदन पर पूरे कपड़े नहीं हैं। वहां पर महिलाएं पूरे कपड़े नहीं औढ़ती हैं, यह मैं आपको बता रहा हूं। आज से चालीस-पचास साल पहले हमारा बचपन वहां गुजरा। मैं हजारीबाग में रहता था इसलिए मुझे मालूम है। वहां पर आज भी वही स्थिति है। हमारे एक मित्र ने कहा कि टाटा का जो एरिया है, उस एरिया में पीने का पानी तो है लेकिन टाटा के एरिया के बाहर पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है। वहां पर लोग गड्ढे का पानी पीते हैं, वहां पर चापाकल भी नहीं लगा हुआ है। सर, हमारे भाई श्री जय प्रकाश जी ने कहा कि आप लालगढ़ की तरह ऑपरेशन करिए। मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि मैं उनसे सहमत नहीं हूं। हम लोग समाजवादी लोग हैं। आप मार नहीं सकते हैं। जिसके अंदर मामला खोपड़ी के अंदर घुस गया है, जो गरीबी और अमीरी की लड़ाई लड़ने वाले लोग हैं...। तो वे लोग आपके मारने से, बंदूक के मारने से सुधरने वाले नहीं हैं। आपने यह भी कहा, जो मुझको बहुत अच्छा लगा कि जयप्रकाश जी के तरीके से जो लोग रिवेलियन हो गए हैं, जो तरक्की में बाधा डालकर रखते हैं, सड़कें बनने में बाधा डालते हैं, तो उन लोगों को समझाने की जरूरत है। अगर लालगढ़ की तरह राकेट से उनको मारेंगे तथा अर्द्धसैनिकों से उनको कुचलेंगे, उनके घरों का नाश करेंगे, तो, सर, पुरानी कहावत है कि जब राक्षस मरते हैं तो उनके खून से दस राक्षस बनते हैं। यह समझिए, सर, ऐसा नहीं है कि वह राक्षसी खत्म हो जाती है। अगर आप एक नक्सलाइट को मारेंगे तो उसके बदले 10 नक्सलाइट फिर पैदा हो जाएंगे। नक्सलाइट खत्म होने वाली चीज नहीं है। आपको इस समस्या का समाधन निकालना पड़ेगा। गरीबी का नाम नक्सलाइट है, अभाव का नाम नक्सलाइट है। नक्सलाइट का मतलब होता है गरीब लोग। वे बाहर के लोग नहीं हैं, वे विदेशी नहीं हैं, वे हमारे ही भारत माता के सपूत हैं। इसलिए मैं चाहता हूं, गृह मंत्री जी यहां बैठे हुए हैं, आप उनकी समस्या के बारे में समाधान निकालिए, जरूर निकालिए। नक्सलाइट पूरी एक समस्या है और वही अवरोध है। इसलिए मैं कहना चाहता हूं जो गोल्ड रश है वहां तो एम.पी. चुनने का है, हमारे एम.पी. चुनकर आ गए, शिबू सोरेन जी के लड़के यहां पर आ गए, लेकिन जब वे मुख्य मंत्री बने तो उनको किस तरह से डिमॉरलाइज करके हटाने का काम किया, उनको किस तरह हराने का काम किया और क्या-क्या नहीं किया। वहां की लड़ाई लड़ने वाला शिबू सोरेन, वहां का अकेला बादशाह था, जिन्होंने झारखंड को अलग राज्य बनवाया। इनके मन में सपना था कि झारखंड के आदिवासियों को हम आगे बढ़ाएंगे, उनको गरीबी की रेखा से ऊपर करेंगे, लेकिन नहीं हुआ। हमारे जो दिक्कू लोग हैं उन्होंने शिबू सोरेन जैसे बादशाह को भी डिमॉरलाइज करके उनको जेल भिजवाया, उनको मुख्य मंत्री पद से हटाया तथा उनके खिलाफ सारा काम किया। इसलिए मैं कहना

चाहता हूं कि इसके बारे में जरूर विचार करना चाहिए, नक्सलाइट के बारे में विचार करना चाहिए। अगर उनके बारे में विचार नहीं करेंगे, तो झारखंड में कभी कुछ होने वाला नहीं है। यहां का सब लोहा, सोना वगैरह खत्म होने वाला है। और फिर इसको दिक्कू लोग लूटकर ले जाएंगे तथा आदिवासी ऐसे ही रह जाएंगे। इन्हीं शब्दों के साथ मैं आपका धन्यवाद करता हूं।

**श्री हेमन्त सोरेन** (झारखंड) : धन्यवाद उपसभापति महोदय। आज इस सदन में मेरा पहला भाषण है। आज सदन में प्रस्तुत हुए झारखंड का बजट और राष्ट्रपति शासन की समयावधि बढ़ाने के मुद्दे पर मैं उसके समर्थन पर कुछ बोलना चाहता हूं। यहां बहुत सारी बातें हमारे सीनियर लीडर्स ने कही हैं। निश्चित रूप से सभी लोगों का दर्द झारखंड राज्य के लिए है। आज इस सदन में बैठने के बाद सुबह से मैं झारखंड के विषय पर सुन रहा हूं और अंदर ही अंदर ऐसी तकलीफ महसूस कर रहा हूं कि उस राज्य को लूटने खसोटने का काम सदियों से चलता रहा और आज भी इस सदन में झारखंड नाम के एक व्यक्ति को टेबल पर रखा गया है और उसका ऑपरेशन किया जा रहा है। मुझे आज इस बहस से उम्मीद है कि निश्चित रूप से हम लोग कोई अच्छे निष्कर्ष पर पहुंचेंगे। आज राज्य की स्थिति निश्चित रूप से काफी दयनीय है। इस राज्य को अलग हुए आठ साल हो गए हैं। इन आठ साल में वहां पर पांच साल एन.डी.ए. की सरकार रही। एन.डी.ए. सरकार के कार्यकाल की स्थिति पर क्या कहा जाए, शायद उस पर बहुत लम्बी चर्चा हो सकती है, जिसका नतीजा हम लोग भुगत रहे हैं। उसके बाद वहां पर यू.पी.ए. की सरकार आई। पहले जब वहां सरकार बनी, उस राज्य में कोई नीति नहीं थी, कोई नियम-कानून नहीं था। उसका नतीजा है कि आज नक्सलवाद इस मुकाम पर आकर खड़ा हो गया है। वहां पर भुखमरी की स्थिति बढ़ गई, कोई वहां पर कम्पनी इन्वेस्ट करने नहीं आई, कोई पॉलिसी नहीं बनी। जैसे ही हम लोगों ने यूपीए गठबंधन के साथ वहां पर सरकार बनाई, यूपीए गठबंधन के तहत वहां पर नीतियां बननी चालू हुईं, यूपीए गठबंधन के ही समय वहां पर पुनर्वास नीति बनी, औद्योगिक नीति लागू की गई। चूंकि इतनी चरमराई हुई वहां की स्थिति रही कि पूरे सिस्टम को ठीक करने में समय लगता है, यह मैं मानता हूं। मैंने वहां की स्थिति को बहुत करीब से देखा है, शायद उसके बारे में कुछ गिने-चुने लोग ही जानते हैं। हम लोग एक आंदोलनकारी संगठन से आते हैं। हमने गरीबी देखी है, जंगल देखा है, जमीन देखी है, नदी-नाले देखे हैं, वहां का शायद कोई ऐसा रास्ता न हो, जिससे हम परिचित न हों। विकास का रास्ता क्या हो सकता है, इसका मूलभूत तरीका भी हम लोगों को पता है। उसको सुधारने के लिए समय मिला था और उसमें सुधार किया भी जा रहा था, लेकिन राजनीतिक समय बदला, सरकार उलट-पुलट गई, सरकार गिर गई और वहां पर राष्ट्रपति शासन लागू हुआ। फिर भी, इन छह महीनों में हमने बहुत सारी चीजों को देखा, समझा और हम लोगों ने इन छह महीनों में सरकार के बहुत सारे कार्यों को देखा, चाहे स्वर्ण जयंती ग्राम सड़क योजना हो, उसमें भी काफी वृद्धि हुई है, सर्व शिक्षा अभियान में भी कोई वृद्धि हुई है और हमारी शिक्षा में बढ़ोत्तरी हुई है, हैल्थ में बढ़ोत्तरी हुई है। इन सब में उतनी संतोषजनक वृद्धि नहीं हुई है, जितनी कि होनी चाहिए, यह मैं मानता हूं। इसके लिए वहां पर एक सशक्त सरकार की जरूरत है। वह सरकार चाहे किसी की हो, चाहे वहां पर यूपीए की सरकार आए, चाहे वहां पर एनडीए की सरकार आए, लेकिन उस राज्य को एक मजबूत सरकार की जरूरत है।

आज देश में लोग उस राज्य को सोने की चिड़िया के नाम से जानते हैं। वहां के लोग हर तरीके से कटोचे गए। औद्योगिक घरानों के द्वारा कटोचे गए, वहां के नक्सलियों के द्वारा कटोचे गए या वहां के जो भी उद्योगपति लोग हैं, उनके द्वारा कटोचे गए। जब भारत आजाद हुआ, देश की बड़ी-बड़ी कम्पनियां अलग-अलग राज्यों में बनीं। उसमें से हमारे राज्य झारखंड में भी एचएससी जैसी बड़ी कम्पनी बनी, जिसको लोग मदर फैक्टरी कहते हैं। बोकारो स्टील प्लांट बना, टाटा स्टील प्लांट बना, लेकिन इतनी बड़ी-बड़ी कम्पनियां होने के बावजूद भी मात्र तीन करोड़ की आज की जनसंख्या, उस समय वहां की जनसंख्या क्या होगी, इससे अंदाजा लगाया जा सकता है। वहां के लोग

दिन-ब-दिन गरीब होते चले गए। मुझे यह लगता है कि निश्चित रूप से वहां के आदिवासी, मूलवासी की मानसिकता को जानने की जरूरत है। जब तक हम उनकी वास्तविक स्थिति, उनकी कल्चर, उनका रहन-सहन, उनकी सोसायटी को नहीं जानेंगे, तब तक चाहे हम उनके लिए कोई उद्योग भी खड़ा कर देते हैं, तो शायद उससे भी उनका भला नहीं हो सकता है। वहां पर 80 प्रतिशत लोग किसान हैं। अगर हम वहां पर कोई हाईटैक प्लांट लगाते हैं, तो वहां के कितने व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा, मुझे नहीं लगता है कि किसी व्यक्ति को रोजगार मिल सकता है। वहां पर पिछले 10-15 साल पहले का एक बिहार sponge iron खुला हुआ है, उसमें मात्र सात सौ या आठ सौ लोग काम करते हैं। उसने बहुत ज्यादा जमीन एक्वायर कर रखी है जिसकी वजह से बहुत लोग बेघर हो रखे हैं। उसके पॉल्यूशन से वहां के लोगों की खेती खराब हो रही है।

उपसभापति महोदय, मैं कम शब्दों में अपनी बात कहना चाहता हूं, चूंकि समय भी बहुत कम है। वैसे भी हमारे झारखंड राज्य को चाहे अनचाहे सभी राजनैतिक दलों को इच्छा-शक्ति जगाने की जरूरत है। आज वह राज्य पूरे देश को काफी आमदनी दे रहा है और देश को काफी रिसोर्सेज़ भी दे रहा है। वहां के लोगों की स्थिति पर विचार करना हम लोगों का काम है और हमारे वरिष्ठ लोगों का भी काम है। इससे वहां के लोगों का विकास संभव हो सकेगा। मैं आज इस सदन में झारखंड को एक आदर्श राज्य बनाने के लिए, एक विशेष पैकेज़ दिए जाने के लिए आग्रह करता हूं, ताकि उस राज्य का विकास हो सके। मैं, इन्हीं शब्दों के साथ, अपनी बात समाप्त करता हूं। धन्यवाद।

**श्री एस.एस. अहलुवालिया** : उपसभापति महोदय, झारखंड का एक Resolution, एक Motion और Budget है, इन तीनों पर जो चर्चा हो रही है, मैं सुबह से इस चर्चा को सुन रहा था। मैं झारखंड का सांसद हूं और मैंने यहां पर सबके भाषण सुने हैं। सबने इसको अपने-अपने तरीकों से एनालाइज किया है। झारखंड का बनना व गठन होना, वहां के लोगों की इच्छा की पूर्ति थी। मेरे पूर्व वक्ता हेमन्त सोरेन, झारखंड आंदोलन के एक वरिष्ठ नेता हैं और सिब्बू सोरेन जी से सुपुत्र हैं। उन्होंने यहां पर गंभीरता से अपनी बात रखने की कोशिश की है। महोदय, 80 के दशक में सरकार ने ऐसा महसूस किया कि पंचायती राज लागू करना चाहिए। वैसे तो पंचायती राज को लागू करना स्वतंत्रता सेनानियों का पहला सपना था और वे पंचायती राज को स्वराज के नाम पर परिपूर्ण करना चाहते थे, लेकिन उनका वह सपना अधूरा रह गया। 24 अप्रैल, 1993 को भारतीय संविधान का 73वां अमेंडमेंट पास हुआ और लागू हुआ। उसमें एक अलग चैप्टर, पार्ट-9 सिर्फ पंचायती राज के ऊपर लागू किया गया। हमारा झारखंड एक राज्य तो बन गया, पर पंचायतों के चुनाव नहीं हुए। 6 महीने पूर्व राष्ट्रपति शासन लागू करने हेतु, जब सदन में प्रोक्लेमेशन के लिए आया था और जब इसको अनुमति दे रहे थे, तो उस वक्त मैंने सोचा था कि शायद राष्ट्रपति शासन में लोगों की राजनैतिक इच्छा शक्ति को पूरा करने के लिए कम से कम पंचायतों के चुनाव करा दिए जाएंगे, लेकिन वे नहीं हुए। हर महीने, हर 15 दिन में और हर हफ्ते में लोग सपने देखते रहे कि सरकार बन रही है या सरकार नहीं बन रही है, विधान सभा टूट रही है या नहीं टूट रही है, इसी तरह से 6 महीने गुजर गए। कभी-कभी लोग कहने लगते हैं कि साहब, फलां राज अच्छा था, फलां राज खराब है। मैं किसी भी तरह के क्रिटिसज्म में नहीं पड़ना चाहता कि कौन सा राज अच्छा था और कौन सा राज खराब था। फंडामेंटल राइट्स के साथ-साथ डेमोक्रेटिक राइट्स की जब डिमांड की और भारत में वे डेमोक्रेटिक राइट्स दिए गए, तो पार्लियामेंट मिली, विधान सभाएं मिलीं और उसके बाद गांवों में पंचायती राज की स्थापना की कल्पना संविधान में संशोधन करके परिपूर्ण हुई। उसके साथ-साथ क्या है, कैसा है?

अगर आप इसके मापदंड में देखें, तो पाएंगे कि हमारे यहां पर रेवेन्यू विलेजस करीब 23,000 हैं। एक भी ग्राम पंचायत नहीं है, ग्राम सभा नहीं है। 24 जिले हैं, परन्तु कोई जिला परिषद नहीं है। चिरागी विलेज, जहां पर कहीं टिमटिमाती हुई ढिबरी जलती है, उसको भी चिरागी विलेज कहा जाता है, वह रिवेन्यू गांव नहीं है। 32,000 के करीब गांव हैं, उनका भी कोई रिप्रेजेन्टेटिव नहीं है। हम बात कर रहे हैं कि खाली हाथ में ए.के.47 क्यों आ रही है? खाली हाथों में ग्रेनेड क्यों आ रहा है? विचारधारा क्यों बदल रही है? क्योंकि विकास नहीं पहुंच रहा है। उनका कोई बोलने वाला प्रतिनिधि नहीं है, जो विचार करे या बात करे। महोदय, जनसंख्या के हिसाब से यदि देखा जाए तो आज की डेट में झारखंड की जनसंख्या करीब 3 करोड़ 6 लाख है। आज की डेट के हिसाब से इतनी जनसंख्या है। वहां पर 81 विधान सभा क्षेत्र हैं। आज की डेट के हिसाब से छत्तीसगढ़ की जनसंख्या 2.36 करोड़ है। वहां के विधान सभा क्षेत्र 90 हैं। उत्तराखंड की जनसंख्या .97 करोड़ है। वहां के विधान सभा क्षेत्र 70 हैं। हम संविधान में कहते हैं कि सभी को संवैधानिक अधिकार मिलने चाहिए। सबको गणतांत्रिक अधिकार मिलना चाहिए। ये जो चार सीढ़ियां हैं, पंचायत, ग्राम पंचायत से जिला परिषद, जिला परिषद से विधानसभा और विधानसभा से लेकर लोक सभा या राज्य सभा तक, इन सीढ़ियों में तो नीचे पैर कटे हुए हैं। विकास का पुतला कैसे खड़ा होगा? विकास कैसे होगा? आज सुबह हमारे विद्वान गृह मंत्री महोदय ने कहा कि मानसून समाप्त होने के बाद चुनाव कराए जाएंगे। मानसून आएगा, नहीं आएगा, पता नहीं है। वह आएगा कि नहीं आएगा पता नहीं है। हो सकता है देर से आए, हो सकता है कि देर से आएगा तो देर से जाएगा भी। जो देर से आएगा, वह देर से जाएगा। जब देर से जाएगा तो पीरियड और भी बढ़ जाएगा। हमारी जो आशा है, आकांक्षा है, वह अधुरी रह जाएगी। मुझे मंत्री महोदय के वक्तव्य और उन्हीं की पार्टी के सांसद केशव राव जी के वक्तव्य में बड़ा पार्थक्य दिखा। उन्होंने कहा कि हमारे साथ 44 आदमी हैं। हम वही करेंगे जो वहां के भले के लिए होगा। भला क्या, आप कल ही खड़े कर दीजिए, सरकार बन जाएगी। मैं कहना हूं कि आप अगर सरकार बनाना चाहते हैं तो सरकार बना दीजिए। सरकार बनाकर पंचायत का भी चुनाव करा दीजिए। फरवरी, 2010 में वैसे भी विधानसभा के चुनाव होने हैं, किंतु आप विभ्रांति रखकर वहां के लोगों को असमंजस में मत रखिए। जब कभी भी इस सदन में विधान सभा भंग करके या विधान सभा को सस्पेंड करके - पहले विधान सभा भंग हुआ करती थी, बोम्मई केस की जजमेंट होने के बाद भंग नहीं होतीं, सस्पेंड होती हैं और राष्ट्रपति शासन लगता है। हमारे विद्वान गृह मंत्री जी पहले भी 80 के दशक में कई बार पंजाब, असम या जम्मू-कश्मीर का मुद्दा लेकर इस सदन में आए और यहां के अनुमोदन कराकर ले गए। एक डेमोक्रेटिक नॉर्म्स को मानने वाले इंसान के लिए या डेमोक्रेटिक नॉर्म्स को मानने वाली पार्टियों को बड़ा कष्ट होता है, जो सब तरफ बैठते हैं, उनको बड़ा कष्ट होता है कि उनके अधिकारों का हनन करके राष्ट्रपति शासन लागू हो रहा है। रास्ता ढूंढा जाता है। शान्ति से चुनाव होकर कैसे एक पॉपुलर गवर्नमेंट बने, हमारी वह कोशिश होनी चाहिए।

महोदय, अभी कैबिनेट सेक्रेटरी झारखंड गए थे। मैं समझता हूं कि यह पहला वाकया है। मेरे स्मरण में नहीं आता कि इसके पहले केबिनेट सेक्रेटरी ने जाकर 20 सचिवों की मीटिंग की हो। ...(**व्यवधान**)... यह second time है, during the regime, during the Governor's rule, उन्होंने मीटिंग की और मीटिंग करके उसमें जो रास्ता निकाला, उन्होंने क्या recommendation दी, वह हमारे सामने नहीं आई है। हमें पता भी नहीं कि उन्होंने क्या देखा, क्या पाया और क्या कहा। अखबारों में tits-bits छपे। मैं उन अखबारों पर नहीं जाता। बेहतर होगा कि गृह मंत्री महोदय उस रिपोर्ट को भी हम लोगों के सामने रखते। जब 2000 में झारखंड का निर्माण हुआ, गठन हुआ और अब

तक क्या उपलब्धियां हुईं, वे सामने आतीं, तो हम उस पर भी बहस कर सकते थे, पर सबसे बड़ी कमी यह रही है कि पंचायतों का चुनाव नहीं हो सका। विकास को गांवों तक और last rung of the society तक पहुंचाने के लिए एक ही रास्ता है कि पंचायतों का चुनाव होना चाहिए। मेरी आपसे गुजारिश है कि जिस समय आप विधान सभा का चुनाव करें, साथ में पंचायत का और जिला परिषद् का भी चुनाव करा दें, जिससे वहां वाकई सच्ची, पॉपुलर गवर्नमेंट आ सके। यह जो सीट के ऊपर मतभेद है, जब Jharkhand Autonomous Council बनाई गई थी, तो एक विधान सभा सीट को दो हिस्सों में बांट दिया गया था। आज 81 मैम्बर्स हैं, उस समय JAC के 162 मैम्बर्स हुआ करते थे। अगर इसके बारे में भी सोचे कि पॉपुलेशन के हिसाब से एक-एक असेंबली कंस्टीच्यूएंसी 100-100 किलोमीटर लम्बी है, जब आप संख्या बढाएं, तो यह ध्यान न दें कि चुनाव को लेट करने के लिए कुछ करें। आप जिस समयावधि के अन्दर चुनाव कराने जा रहे हैं, अगर उसी के अन्दर यह बदलाव ला सकें, तो मैं समझता हूं कि आप झारखंड की जनता के साथ न्याय कर सकेंगे। विकास का पैसा चाहे दिल्ली से जाता हो, चाहे रांची से निकलता हो, वह अन्तिम पुरुष और अन्तिम चिरागी गांव तक पहुंच सकेगा, मैं यही उम्मीद करता हूं। आपने मुझे बोलने का वक्त दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद।

SHRI P. CHIDAMBARAM: Mr. Deputy Chairman, I thank hon. Members who have participated in this rather long debate on a very short Resolution. I can understand the anguish and concern of Members, especially those representing the State of Jharkhand. I share them.

Sir, I first came to this House with the Resolution to approve the proclamation imposing President's Rule that was approved by this House on 26.02.2009. Under the Bommai judgement, the House couid not have been dissolved before the proclamation was approved. After 26.02.2009, there was a choice of either allowing some time for the House that was in suspended animation to be able to throw up a new Government, or, dissolving the House. At that time, let us recall, there was no unanimity of opinion that the House should be dissolved immediately after 26.02.2009. Efforts were made by several political parties – and I can say with a certain degree of confidence, not the Congress Party – to try and form a Government. That effort did not succeed. In the meanwhile, on the 2nd of March, if I remember right, the Election Commission announced the schedule for the Parliament elections. Therefore, the question of holding Assembly Elections in Jharkhand along with Parliament elections did not arise at that time. We did not have enough time to evolve a consensus among political parties, dissolve the House and hold Assembly elections along with Parliament elections. The Parliament elections have now thrown up a new Central Government. We assumed office on the 22nd of May; a Government has been formed, and I have come to the House at the earliest opportunity, in the first Session of Parliament to say we will hold elections in Jharkhand at the earliest opportunity. But, whether we keep the House under suspended animation or whether we dissolve the House, it is necessary to extend President's Rule. In fact, I heard a AIADMK interpretation of the Constitution, which I don't understand. He said, you dissolve the House, and then go for an election. But, even if we agree to dissolve the House, we must extend President's Rule. So, all that this Resolution says is, please extend President's-Rule, and you have my word that

we will hold elections, as early as possible. We will write to the Election Commission to fix the date for elections, and I am confident they will fix the date for elections, as early as possible. And, when elections are announced, the House will be dissolved. In the meanwhile, there is only a Governor's administration there, with three Advisors. Members have repeatedly pointed out that large parts of Jharkhand are under the influence or control of the Naxalites, there must be some people's representatives for sometime, at least, to voice the grievances of the people. These representatives today effectively or ineffectively will be able to voice the grievances of the people. There are 30 from the BJP; there are 17 from the JMM; there are only 9 from the Congress. Let them try, at their best, to be able to voice the grievances of the people, even to the Governor's administration. But the moment elections are announced by the Election Commission, the House will be dissolved and elections will be held. Let there be no apprehension. I can say on behalf of the Congress Party, I have the authority of the Congress President to say the Congress Party will take no steps to form any Government there. In fact, there have been four Governments in Jharkhand since 2000. Now, I want everybody to take this in the right spirit. There have been four Chief Ministers. It so happened that all four Chief Ministers are now Members of the Lok Sabha. Three of them are products from the BJP *biradari*. No Minister in Jharkhand, ever since it was formed, has come from the Congress Party. No Chief Minister has come from the Congress Party. If good work had been done in Jharkhand — and nobody seems to think that good work has been done in Jharkhand If good work has been done in Jharkhand, you are welcome to take the credit. But, if bad things have been done in Jharkhand, you must have the courage to take the blame also. I am not making any judgement out of it. I said, if good work has been done, please take the credit.

THE LEADER OF THE OPPOSITION (SHRI ARUN JAITLEY): ...that is because of your miniscule presence in the State. It is like the BJP saying, 'I don't have a former Chief Minister from Tamil Nadu.

SHRI P. CHIDAMBARAM: And you will never have in the future also. *...(Interruptions)...*

SHRI ARUN JAITLEY: You don't have strength in Jharkhand.

SHRI P. CHIDAMBARAM: The point is, we are trying to do our best and I can confess, I have not been able to pay special attention to Jharkhand mainly because of the Parliament elections. But, now in the time between today and the date elections will be held, I will try to pay a little more attention to Jharkhand to see if some things can be set right. A number of Members who are acquainted with the matters there pointed out a number of deficiencies. I will do my best to see whether the administration can be toned up, bring some relief to the people until elections are held and a popular Government is thrown up.

Sir, it is not correct to say that nothing has been done in President's Rule. A number of steps have been taken. On the law and order side, 88 new police stations have been created. In 97 police stations on the Naxalite affected areas, we have provided buildings, vehicles, better communication, construction of barracks, toilets.

In the special branch, we have appointed 1,750 people. 14 additional companies have been raised in the Jharkhand armed police. The *jharkhand.net* now connects all the police stations in Jharkhand. More constables have been raised. The police to population ratio is now 146 constables to 1 lakh population. We have increased the Budget for police force from Rs.590 crores in 2004-05 to Rs.1,100 crores in 2008-09. The revenue collections have improved. The implementation of the Plan has improved; for example, in 2004-05, the Plan expenditure as a proportion of Plan size was only 56.7 per cent; in 2008-09, it has increased to 83.37 per cent on a larger Plan size of Rs.8,015 crores.

Sir, we have also taken a number of developmental measures. For example, we have approved the Suwali Irrigation Scheme for Rs.88.56 crores. We have set up the Jharkhand State Food and Civil Supplies Corporation. We have approved Rs.855 crores rehabilitation package for the Heavy Engineering Corporation (HEC), which will revive HEC and enable the Jharkhand Government to take back 2,342 acres of surplus that is not used by HEC.

On the Budget side, we have a larger Budget for 2009-10. The Plan outlay is Rs.9,555 crores. 59 per cent of the total Plan expenditure is revenue and 41 per cent is capital. Central assistance is expected to be about Rs.3,047 crores. Jharkhand still has a revenue surplus. So, I do not think we need to get too worried about because Jharkhand still has a revenue surplus. If it has an overall fiscal deficit, it is because of the capital expenditure. I think, Jharkhand can still be put on the path of growth and development provided the people of Jharkhand, as I sincerely hope they will, throw up a strong, stable Government. Whichever party gets the mandate in Jharkhand must learn to govern. Unfortunately, every Chief Minister, who has been in Jharkhand, has been played by dissidents, horse-trading, floor crossing, as a result of which, Governments have been unstable and weak.

It is my sincere hope that the people of Jharkhand will vote wisely, elect a stable and strong Government and then we will have a five-year period of stability, growth and development in Jharkhand.

With these words, Sir, I, once again, request the House to unanimously pass the Resolution. I request the hon. Member, who wants to disapprove it, not to press for disapproval and to pass the Resolution unanimously.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I shall first put the Resolution moved by Shri P. Chidambaram to vote.

The question is:

"That this House approves the continuance in force of the Proclamation dated the 19th January, 2009 in respect of the State of Jharkhand, issued under article 356 of the Constitution by the President, for a further period of six months with effect from the 19th July, 2009."

*The motion was adopted.*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Since the Statutory Resolution has been adopted, I am not putting the Motion moved by Shri Ravi Shankar Prasad to vote.

I shall now put the motion regarding consideration of the Jharkhand Appropriation (No.2) Bill, 2009-10 to vote.

The question is:

"That the Bill to authorise payment and appropriation of certain sums from and out of the Consolidated Fund of the State of Jharkhand for the services of the financial year 2009-10, as passed by Lok Sabha, be taken into consideration."

*The motion was adopted.*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: We shall now take up clause-by-clause consideration of the Bill.

*Clauses 2, 3 and the Schedule were added to the Bill.*
*Clause 1, the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.*

SHRI NAMO NARAIN MEENA: Sir, I move:

That the Bill be returned. The question was put and the motion was adopted.

---

**STATEMENT BY PRIME MINISTER**

**Prime Minister's visits to Italy from 8-10 July, and to France and Egypt from 13-17 July, 2009.**

THE PRIME MINISTER (DR. MANMOHAN SINGH): Mr. Deputy Chairman, Sir, I returned earlier today from visits to France and Egypt. Before that I had visited Italy for the G-8/G-5 Summit meetings.

Meetings of the G-8 and G-5 countries have become an annual feature. The agenda for this year's meetings was wide ranging, but the main focus was on the ongoing global economic and financial slowdown. The developing countries have been the most affected by the global financial and economic crisis. I stressed the importance of a concerted and well-coordinated global response to address systemic failures and to stimulate the real economy. There is a need to maintain adequate flow of finance to the developing countries and to keep markets open by resisting protectionist pressures.

As a responsible member of the international community, I conveyed to the G-8 and G-5 countries that we recognise our obligation to preserve and protect our environment but climate change cannot be addressed by perpetuating the poverty of the developing countries. I presented India's Action Plan on Climate Change and the eight National Missions which we have set up in this regard. We are willing to do more provided there are credible arrangements to provide both additional financial support as well as technological transfers from developed to developing countries.

India's participation as guest of honour at the French National Day was an honour and a matter of pride for us all. I wish to share with the hon. Members the pride I felt to see the brave men of our